

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,बुधवार 24 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-296 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## बिखर गया इंडी गठबंधन



» ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का किया ऐलान

» आप भी पंजाब में सभी 13 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव

**कोलकाता,24 जनवरी।** विपक्ष के इंडिया गठबंधन के लिए एक बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने महत्वपूर्ण चुनावों में अकेले लड़ने के अपने फैसले के लिए ब्लॉक के एक प्रमुख सदस्य, कांग्रेस के साथ सीट-साझाकरण वार्ता विफल होने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें जो भी प्रस्ताव दिया, उन्होंने सभी को अस्वीकार कर दिया। बनर्जी ने कहा कि तब से, हमने बंगाल में अकेले जाने का फैसला किया है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा, शिष्टाचार के नाते, उन्होंने मुझे यह भी सूचित नहीं किया कि वे बंगाल में यात्रा आयोजित करने जा रहे हैं।

बनर्जी के फैसले से लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफएकजुट मोर्चा पेश करने के विपक्ष के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है। मुख्यमंत्री ने तृणमूल का गढ़ माने जाने वाले जिले बीरभूम की पार्टी इकाई की बंद कमरे में संगठनात्मक बैठक के दौरान यह बात कही। आंतरिक बैठक के दौरान, उन्होंने जिले की दोनों लोकसभा सीट पर तृणमूल की जीत की आवश्यकता पर जोर देते हुए पार्टी नेताओं से चुनावी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बैठक की जानकारी साझा की और कहा, हमारी पार्टी प्रमुख ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमें कांग्रेस के साथ सीट-बंटवारे की बातचीत के बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस की ओर से कोई न कोई नेता कुछ टिप्पणी कर देता है, लेकिन उनके ममता बनर्जी के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब पिछले कुछ सप्ताह में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी के नेताओं के बीच कुछ मौकों पर तीखी बयानबाजी देखने को मिली है। ये दोनों दल विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक हैं। राहुल गांधी से ममता बनर्जी की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया मांगी गई कि कांग्रेस 300 सीट पर लड़ सकती है, बाकी अन्य दलों के लिए छोड़ दी जाएं। गांधी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''सीटों को लेकर हमारी बातचीत चल रही है, उसका परिणाम आएगा।

### ममता के बिना इंडी गठबंधन की कल्पना नहीं कर सकतेः जयराम

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करके इंडिया ब्लॉक को चौंका दिया। हालांकि, डैमेज कांट्रोल करते हुए कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बिना विपक्षी गठबंधन की कल्पना नहीं की जा सकती। पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को इंडिया ब्लॉक का एक मजबूत स्तंभ भी बताया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया ब्लॉक पश्चिम बंगाल में गठबंधन की तरह लड़ेगा और उम्मीद है कि भविष्य में टीएमसी के साथ सीट-बंटवारे की बातचीत सफल होगी। जयराम रमेश ने कहा कि ममता बनर्जी ने कहा कि हम बीजेपी को हराना चाहते हैं और बीजेपी को हराने के लिए हम कुछ भी करेंगे।



**रायपुर,24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के नव नियुक्त अतिरिक्त न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा को पद की शपथ दिलायी।



## साय ने अयोध्या भंडारे में सेवा के लिए 60 रामसेवकों को किया रवाना

**रायपुर,24 जनवरी।** 500 साल के संघर्ष के बाद सोमवार को अयोध्या में अपने मूल स्थान पर प्रभु रामलला की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इससे पूरा देश राममय हो गया है। 25 जनवरी से 25 मार्च तक यानी दो महीने तक रामलला के दरबार अयोध्या में महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमे छत्तीसगढ़ से 60 रामसेवकों को रवाना करने सीएम विष्णुदेव साय वीआईपी रोड स्थित रामजी मंदिर पहुँचे, जहां मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं इसके बाद हरी झंडी दिखाकर भंडारे के लिए रामसेवकों की टीम को रवाना किया। विधायक धरमलाल कौशिक को समिति का समन्वयक बनाया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भगवान श्री राम के मंदिर के प्रांगण में आकर मुख्यमंत्री के नाते झंडी दिखाने का सौभाग्य मिल रहा है। जो राम जी के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। उनके भोजन कि व्यवस्था के लिए यहाँ से सदस्य जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान राम कि कृपा है 22 जनवरी को छत्तीसगढ के भांचा राम अयोध्या में अनेक वर्षो तक टेंट में रहने के बाद विधि विधान से स्थापित हुए,हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों से उनकी प्राण प्रतिष्ठा कि गयी। 6 समिति के लोग अयोध्या में भंडारा चलाएंगे और राम भक्तों को भोजन कराएंगे, भोजन कराने का काम बहुत पुण्य का काम है मैं सभी 6 टीमों को साधुवाद देता हूँ। मोदी कि गारंटी में हमारी योजना है, प्रदेश वासियो को निःशुल्क अयोध्या भेजा जायेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से आयोध्या के राम मंदिर दरबार में माता शबरी का प्रसाद बंटेगा। प्रदेश की छह संस्थाएं 60 दिनों तक छत्तीसगढ़ और दूसरे प्रदेशों से आने वाले रामभक्तों को स्वादिष्ट भोजन का वितरण करेंगी। अयोध्या में सरयू नदी और हनुमानगढ़ी के पास छह संस्थाओं का भव्य पंडाल बनकर तैयार हो गया है।

## संक्षेप

### नक्सली हमले के बाद बीजीएल के जिंदा सेल बरामद

**बीजापुर.24 जनवरी।** 16 जनवरी को नक्सलियों द्वारा धर्मावरम कैम्प पर हमला किया गया था. हमले के बाद कैम्प से करीब तीन सौ बीजीएल के जिंदा सेल बरामद किए गए. कैम्प पर नक्सलियों ने करीब एक हजार बीजीएल दागे थे. सुकमा जिले की सीमा पर स्थित धर्मावरम कैम्प लूटने की नियत से ये हमला हुआ था. इस हमले में तीन नक्सलियों की मौत की बात खुद नक्सलियों ने स्वीकारी थी. नक्सलियों ने बड़ी संख्या में जवानों को मारने और घायल करने का भी दावा किया था.

### छोटे भाई की मार से बड़े भाई की मौत

**गरियाबंद,24 जनवरी।** जिले के पिपरछेडी थाना क्षेत्र में बीती रात छोटे भाई की मार से बड़े भाई की मौत हो गई। दोनों के बीच धान बेचने के बाद मिले रकम को लेकर विवाद की होने की बात सामने आ रही है। मामले में बड़े भाई के पत्नी के रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल लाया गया हैं। जानकारी के मुताबिक पिपरछेडी थाना क्षेत्र के ग्राम बीजापुर के रहने वाले जुझार सिंग सोरी और देविंग सिंग दोनो भाइयों के बीच मंगलवार दोपहर धान बेचने के बाद मिले पैसों के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। आवेश में आकर छोटे भाई लकड़ी के बल्ली से बड़े भाई की पिटाई कर दी। विवाद के कुछ देर बाद बड़ा भाई जुझार सिंग सोरी अपने पत्नी (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) के पास आंगनबाड़ी पहुंचा। सारी घटना की आप बीती बताई और थाने जाकर रिपोर्ट लिखने बात कही। लेकिन इसी बीच जुझार सिंग बेहोश होकर गिर गया। उसे पत्नी अन्य सहयोगी के मदद से घर ले गई। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

### असम के सीएम की लोकप्रियता देख राहुल गांधी अपना धैर्य खो चुके हैंःगिरिराज

**नई दिल्ली,24 जनवरी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को राज्य में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हुए हंगामे के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफकी गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी असम के सीएम की लोकप्रियता के कारण अपना धैर्य खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की लोकप्रियता के कारण राहुल गांधी ने अपना धैर्य खो दिया है...उन्हें (राहुल गांधी) अदालत में माफी मांगनी पड़ेगी। इससे पहले दिन में, कांग्रेस सांसद ने मंगलवार को सड़क अवरोध का सामना करने के बाद असम में अपना अभियान आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख यात्रा फिर से शुरू की। गुवाहाटी में निर्धारित प्रवेश से पहले, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया, जिससे झड़प हुई। इसके बाद, असम के सीएम ने राज्य पुलिस को राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल और कन्हैया कुमार सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश दिया।

## अयोध्या में बढ़ रही राम भक्तों की भीड़



**अयोध्या,24 जनवरी।** 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के दो दिन बाद आज (24 जनवरी) रामपथ पर रामलला की पूजा करने के लिए भारी भीड़ जमा है। मंदिर के बाहर के दृश्यों में राम लला के 'दर्शन' के लिए बड़ी संख्या में भक्त ठंड के मौसम का सामना करते हुए दिख रहे हैं। अयोध्या राम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु को देखते हुए यूपी डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि हमने भीड़ नियंत्रण उपायों में सुधार किया है, और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित कतार चैनल बनाए हैं कि भक्तों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। आज, भीड़ कल की तुलना में कम है और व्यवस्थाएं अच्छी हैं। हम भक्तों से धैर्य बनाए रखने की अपील करते हैं। मंगलवार देर शाम तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान राम के बाल स्वरूप का दर्शन कर चुके थे। यूपी के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि कल यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए जिसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां का दौरा किया और इन लंबी कतारों से कैसे छुटकारा पाया जाए, इस पर रणनीति बनाने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग कर दी गई है और 4 कतारें बनाई गई हैं। श्रद्धालुओं को आज कोई दिक्कत नहीं हो रही है। कल लगभग 4-4.5 लाख भक्तों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। हमें सरकार से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि भक्तों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राम मंदिर की व्यवस्था देखने के लिए अयोध्या का दौरा किया। मंदिर के कपाट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद आम भक्तों के लिए खोल दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जाने के कुछ घंटों बाद ही करीब दस लाख श्रद्धालु अयोध्या में प्रवेश करने में कामयाब रहे। इस बीच, गोंडा, बस्ती और अंबेडकरनगर की सड़कों पर कुछ किलोमीटर तक तब लंबा ट्रैफिक जाम लग गया जब पुलिस ने अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कों को पूरी तरह से बंद कर दिया, यहां तक कि पैदल यात्रियों को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। मंगलवार को जनता के लिए राम जन्मभूमि मंदिर के कपाट खुलने से कुछ घंटे पहले ही लोग कतार में खड़े हो गए। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सुरक्षा में जो सुरक्षा बल तैनात किए गए थे, उन्हें बहाल करना पड़ा और अयोध्या शहर की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी गई। मंगलवार की सुबह केवल पैदल यात्रियों को अंदर जाने की अनुमति थी, लेकिन दोपहर होते-होते पैदल यात्रियों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। लगभग सभी श्रद्धालु अयोध्या के आसपास के जिलों विशेषकर बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, सुल्तानपुर और अंबेडकरनगर से हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तुरंत बाद जैसे ही यातायात प्रतिबंधों में ढील दी गई, विभिन्न निकटवर्ती क्षेत्रों से लोग आधी रात ही अयोध्या की ओर चल पड़े।

## मुक्तिधाम शेड के कब्जे को हटाने उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर चला बुलडोजर

**कवर्धा,24 जनवरी।** पोंडी-में सर्व समाज के लिए उपयोगी सार्वजनिक मुक्ति धाम में विगत 4 वर्षों से समुदाय विशेष के लोगो ने कब्जा कर रखा था । मुक्ति धाम के अंदर मृतक कर्म के दौरान लोगो के बैठने के लिए पक्का शेड बनाया गया था । उक्त शेड में विगत चार वर्षों से समुदाय विशेष के लोगो ने अनाधिकृत रूप से दीवाल निर्माण करा कर उसे मकान का स्वरूप दे दिया और एक व्यक्ति को रहने के लिए दे दिया था । इस घटना से नाराज पोंडी के नागरिकों ने 4 वर्षों में अनेक बार कब्जा खाली कराने प्रशासन से माँग रखी साथ ही अनेक बार आंदोलन भी हुआ था ,अनेक बार दो समुदाय के बीच द्वंद की स्थिति भी बनी । किंतु तुष्टिकरण की राजनीति के चलते उचित कार्यवाही अब तक लंबित था । एक फिर पोंडी के नगर वासियों ने स्थानीय विधायक विजय शर्मा से मुक्ति धाम में अवैध कब्जे की जानकारी दी विधायक विजय शर्मा ने मामले की गम्भीरता और जन भावना को देखते हुए कब्जा खाली कराने प्रशासन को निर्देशित किया । मंगलवार को राजस्व विभाग के कर्मचारी पटवारी,तहसीलदार ,सहित बड़ी संख्या में विभागीय अमले ने बुलडोजर कार्यवाही कर अवैध दीवाल गिराकर शेड को पुराने स्वरूप में कर दिया । लंबे समय से मुक्ति धाम में अवैध कब्जे से नाराज नगर वासियों ने कार्यवाही पर प्रशन्नता जाहिर किया है ।




## स्वच्छता दीदी बनेंगी नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर,24 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस परेड देखने नई दिल्ली जा रहीं स्वच्छता दीदियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यात्रा के लिए स्वच्छता दीदियों और उनके परिजन को अपनी शुभकामनाएं दीं। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ की 16 स्वच्छता दीदियों और उनके परिजन को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह देखने विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। ये स्वच्छता दीदियां 25 जनवरी को केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात भी करेंगी। स्वच्छता दीदियों और उनके परिजन की नई दिल्ली रवानगी के समय आज माना विमानतल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक श्री कुंदन कुमार, सूडा के सीईओ श्री सौमिल रंजन चौबे और हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. विवेक गुप्ता भी मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नई दिल्ली जा रहीं स्वच्छता दीदियों और उनके परिजन से विमानतल पर मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह आमंत्रण प्रदेश के शहरों को स्वच्छ बनाने में जुटी महिला शक्ति के काम का सम्मान है। भारत सरकार के इस विशेष आमंत्रण से हमारी स्वच्छता दीदियों के साथ ही पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में गंडई नगर पंचायत की दो, कुम्हारी नगर पालिका की दो, खैरागढ़ नगर पालिका की एक, बिलासपुर नगर निगम की तीन तथा राजनांदगांव, दुर्ग, अंबिकापुर और कोरबा नगर निगम की दो-दो स्वच्छता दीदियों को आमंत्रित किया है।



## आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ थाने का घेराव

**तिल्दा नेवरा,24 जनवरी।** आपत्तिजनक पोस्ट से आक्रोशित हिन्दू संगठन के लोगों ने आज तिल्दा नेवरा थाने का घेराव कर दिया है। पुलिस थाने में बृजलाल वर्मा निवासी सिनौधा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि समुदाय विशेष के लोगों ने सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों के माध्यम से हिन्दू समाज विरोधी पोस्ट कराया जा रहा है। यह समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने की साजिश है। पिछले दो-तीन वर्षों से कुछ बाहरी लोग सिनौधा में अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। बृजलाल वर्मा ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि हिन्दू समाज में भारी रोष व्याप्त है।पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 295 ए,153 ए व 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## देश को अब सांकेतिक राजनीति नहीं, वास्तविक न्याय चाहिएः राहुल



**नई दिल्ली,24 जनवरी।** कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना का आह्वान किया और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री और समाजवादी प्रतीक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने के नरेंद्र मोदी सरकार के फैसले का स्वागत किया। राहुल गांधी ने भी इसका स्वागत किया, उन्होंने सामाजिक और आर्थिक जाति जनगणना जारी नहीं करने पर केंद्र पर कटाक्ष भी किया। उन्होंने कहा कि देश को अब प्रतीकात्मक राजनीति की नहीं बल्कि वास्तविक न्याय की जरूरत है।

राहुल ने कहा कि सामाजिक न्याय के अप्रतिम योद्धा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जन्मशती पर मैं उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। वह निश्चित रूप से भारत के अनमोल रत्न हैं और उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने के फैसले का स्वागत है। राहुल गांधी ने कहा कि 2011 में हुई सामाजिक और आर्थिक जातीय जनगणना के नतीजों को भाजपा सरकार द्वारा छिपाना और राष्ट्रव्यापी जनगणना के प्रति उनकी उदासीनता सामाजिक न्याय के आंदोलन को कमज़ोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भागीदारी न्याय 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पांच न्यायों में से एक प्रमुख न्याय और सामाजिक समानता का केंद्र बिंदु है, जिसकी शुरुआत सिर्फ जातिगत जनगणना के बाद ही हो सकती है। संचार के प्रभारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि यह निर्णय मोदी सरकार की हताशा और पाखंड को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भागीदारी न्याय भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभों में से एक है। इसे आरंभिक बिंदु के रूप में राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना की आवश्यकता होगी। 2011 की जाति जनगणना के आंकड़े जारी करने के गांधी के बार-बार आह्वान पर प्रकाश डालते हुए, रमेश ने कहा कि सरकार ने ऐसा करने से इनकार कर दिया है और साथ ही एक अद्यतन राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना आयोजित करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रसिद्ध समाजवादी नेता दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को उनकी जयंती से एक दिन पहले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ''भारत रत्न'' के लिए मनोनीत किया गया। कर्पूरी ठाकुर बिहार की राजनीति के वास्तविक ''जन नायक'' या लोगों के नायक रहे हैं, जिनकी विरासत पर विचारधाराओं से परे सभी पार्टियां दावा करती रही हैं। केंद्र की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आभार व्यक्त किया। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) बुधवार को ठाकुर की जयंती मनाने के लिए एक बड़ी रैली आयोजित करने जा रही है। जदयू के शीर्ष नेता नीतीश ने कहा कि दिवंगत कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी 100वीं जयंती पर दिया जाने वाला ये सर्वोच्च सम्मानदलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा।

## एआई की मदद से शव की आंखें खोल दी,मर्डर केस सुलझा



**नई दिल्ली,24 जनवरी।** दिल्ली पुलिस ने कोतवाली इलाके में लावारिस शव की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर उसकी आंखें खोली। पुलिस के प्रयासों से शव की पहचान हुई और पोस्टमार्टम में पता लगा कि युवक की गला घोटकर हत्या हुई है। इसके बाद पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि 10 दिसंबर को गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे एक युवक का शव पड़ा हुआ था। पुलिस को मौके से पहचान के कोई दस्तावेज और फोन आदि नहीं मिले। ऐसा लग रहा था कि गला घोटने के बाद शव को यहां फेंका गया है। चूंकि, मामले की जांच के लिए शव की पहचान जरूरी थी, इसलिए शव के फोटो वाले पोस्टर छपवाए गए। लावारिस शवों की पहचान के लिए फोटो पोस्टर चिपकवाए जाते हैं, जिसमें मृतक की आंखें बंद रहती हैं और पृष्ठभूमि भी कई बार धुंधली होती है। इसलिए अक्सर ऐसे पोस्टर पर लोगों की नजर नहीं पड़ती। आईआईटी दिल्ली के छात्र रहे डीसीपी मनोज कुमार मीना ने एआई तकनीक का इस्तेमाल कर शव की आंखें खोलने और पृष्ठभूमि बदलने को कहा, ताकि ऐसे पोस्टर को देखकर पहचान में आसानी हो। इसके बाद स्पेशल स्टाफके एसआई रोहित सारस्वत ने एआई तकनीक से शव की पलकें खोल दीं, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि जीवित व्यक्ति की तस्वीर है। इसके साथ ही यमुना के किनारे वाली पृष्ठभूमि को भी बदल दिया गया। फिर नई फोटो वाले करीब पांच

# गहोई दिवस पर निकली राम-लक्ष्मण की शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 24 जनवरी।** गहोई वैश्य समाज ने गहोई दिवस उत्साह उमंग के साथ धूमधाम से मनाया। राम लक्ष्मण (देवांश खरया अनय सिजारिया) की झांकी व गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सूर्य आराधना व मैथिलीशरण गुप्त के छायाचित्र में माल्यार्पण उपरांत सीमा बेहरे, रश्मि बरसैंया, ज्योति रूसिया ने सूर्य स्तुति व ध्वज गीत गाया तदोपरांत समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष तथा भाजपा के जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि राम मंदिर का संकल्प लिए 6 दिसम्बर 1992 को वे अपने जत्थे के साथ कितनी कठिनाइयां झेलते सरयू पार पहुंचे थे, समाज हित में किए अनेक कार्यों का उल्लेख किया। समाज के अध्यक्ष पवन कुमार ददरया ने सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु शासकीय भूमि आवंटित कराने तथा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की आदमकद मूर्ति स्थापना हेतु समुचित स्थान व सहयोग हेतु उन्हें ज्ञापन सौंपा। धनीराम कनकने ने गहोई समाज की उत्पत्ति और क्रमिक विकास की जानकारी दी, राकेश गुप्ता रूसिया ने मंच का संचालन व नीरज खरया ने आभार व्यक्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्तर्गत राघव खरया, अनाया कनकने, अदीवा रूसिया, निधि कनकने, गार्गी बिचपुरिया,



आसिमा सिजारिया, रचना ददरया ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी, संगीता सिजारिया, अंजू रूसिया ने सुमधुर आवाज में गायन, तथा वीरेंद्र बरसैंया व राकेश रूसिया ने स्वरचित कविता पाठ किया, के के बेहरे ने बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। हाऊजी व मनोरंजक प्रतियोगिता में शुभा बेहरे, ज्योति बिचपुरिया, राकेश मरेले, ज्योति-प्रदीप रूसिया, सुमन-विनोद सिजारिया, रूपा-राकेश रूसिया पुरुस्कृत हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सभा कोषाध्यक्ष गोपाल बरसैंया, सचिव श्याम कुदरया, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुचया, पंचायत उपाध्यक्ष आशीष कनकने, कोषाध्यक्ष राजदेव कनकने, संदीप नगरिया, अशोक रूसिया, अरुण इटोंदिया, मोहन बेहरे, नंदकुमार बेहरे, प्रदीप रूसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन खरया, प्रदीप बिचपुरिया,हिमांशु रूसिया, राजेश नगरिया,रश्मि बरसैंया, रीना इटोंदिया, नीतू नगरिया, श्वेता खरया, बर्षा बिचपुरिया, डॉ संध्या, राखी नगरिया, पूनम बिचपुरिया, गीता बिचपुरिया, ऊषा राकेश पिपरसानिया, हेमंत कनकने, विनीत लोहिया,रमन बिचपुरिया, विनय पिपरसानिया, प्रमोद रूसिया, प्रमोद खरया, पंकज बरसैंया, वीरेंद्र कनकने, राकेश मरेले, महेंद्र व आशीष सिजारिया, मयंक खरया, आशीष रूसिया, नम्रता रूसिया सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित थे।

## एक नजर

### लाखों की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई केबायसी अपडेट करने का झांसा देकर एक महिला से तीन लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर को पुलिस ने झारखंड के देवघर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपित नें एसबीआइ का अधिकारी बनकर महिला से ठगी की थी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत कार्रवाई की है एएसपी ( शहर ) ने बताया कि सेक्टर-10 निवासी शिकायतकर्ता कविता दुबे ने एक जनवरी को भिलाई नगर थाना में ठगी की रिपोर्ट की थी। आरोपित ने केवायसी अपडेट करने के नाम पर महिला को एक लिंक भेजा था। जिस पर क्लिक करने पर एसबीआइ के जैसा एक वेबपेज खुला था आरोपित ने उस पर नेट बैंकिंग की पूरी जानकारी दर्ज करवाने के बाद उसके खाते से तीन लाख रुपये पार कर दिए थे। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी की थी। आरोपित के टावर लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपित जैकी कुमार मंडल (27) निवासी ग्राम दिलीपत्थर पोस्ट मधुपुर जिला देवघर झारखंड को चिह्नित किया। आरोपित का लोकेशन भी झारखंड के देव घर जिले के दिलीपत्थर में मिला इस पर पुलिस की टीम वहां रवाना हुई आरोपित का लोकेशन को चिह्नांकित करने के बाद उसके घर पर पार्सल डिलीवरी करने के बहाने से पुलिस वहां पहुंची आरोपित जैसे ही बाहर आया, पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ा आरोपित के रिश्तेदारों ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन, पुलिस उसे तुरंत लेकर देवघर थाना पहुंची। वहां से उसे देवघर के कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड लिया गया और उसके बाद आरोपित को यहां लाया गया है आरोपित को देवघर जिले से गिरफ्तार कर दुर्ग पुलिस एसबीआइ का अधिकारी बनकर महिला से की थी तीन लाख ठगी।

### पुलिस ने पकड़ा तीसरा वाहन चोर



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई जिले में 7 दिनों के अंदर पुलिस ने तीसरा वाहन चोरी करने वाले अंतर जिला वाहन चोरों को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से सात दोपहिया वाहन बरामद किया गया है इसमें छह बाइक और स्कूटी शामिल है आरोपी ने इन वाहनों की चोरी भिलाई नगर, जामुल, मोहन नगर थाना समेत स्मृति नगर चौकी क्षेत्र से की थी शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि जिले में वाहन की वारदातों पर लगाम लगाने और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है जिसमें एसीसीयू और थाना के स्टॉफ शामिल हैं टीम लगातार संदेहियों पर निगाह रखे हुए है इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि सेक्टर-7 स्थित महाराणा प्रताप भवन के पीछे रहने वाला भगवान दास उर्फ खरगोश के पास चोरी की बाइक है। उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लोगों से संपर्क कर रहा है जानकारी मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास से संदिग्ध को पकड़ लिया पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उसने सेक्टर-9 हास्पिटल स्टैंड, सेक्टर-7 मार्केट, कुरूद साप्ताहिक बाजार, धमधा नाका शराब भट्ठी के पास और स्मृति नगर दीनदयाल कालोनी से अलग अलग समय में कुल 7 बाइक की चोरी की उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सभी बाइकों को बरामद कर लिया है

### जुआ खेल रहे थे, पकड़े गए

**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र जुआ खेल रहे युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राम नगर मुक्तिधाम शुलभ के पास कुछ युवकों द्वारा जुआ खेलने की शिकायत मिली थी पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड 27 कैम्प 1 निवासी जैकी उर्फ जानू, बधारु गली शिवाजी मार्ग रफीक बेग, तीन कुंआ कैम्प 1 अनिल वर्मा, वार्ड 27 कैम्प 1 पंकज कुमार, आदित्य, वार्ड 6 रामनगर विभीषण ठाकुर को गिरफ्तार किया।

### निगम मुख्य कार्यलय में महापौर धीरज बाकलीवाल करेंगे ध्वजारोहण

**दुर्ग, 24 जनवरी।** नगर पालिक निगम 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नगर निगम कार्यालय में सुबह 8.00 बजे ध्वजारोहण होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल,नगर निगम सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं समस्त एमआईसी सदस्य पार्षदगण के साथ निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।नगर निगम के समस्त एमआईसी व पार्षद,अधिकारी/कर्मचारियों से अनुरोध है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा प्रातः 8,00 बजे नगर निगम मुख्यालय में किया जावेगा,ध्वज रोहण कार्यक्रम में उपस्थित होने का कष्ट करेगे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को बीआईटी ऑडिटोरियम में

**दुर्ग 24 जनवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2024 को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 का आयोजन बी.आई.टी. ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस हेतु थीम ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम'' निर्धारित किया गया है। मतदाता दिवस का आयोजन समस्त मतदान केंद्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जायेगा।

## ग्राम मचांदुर में लोककला उत्सव मनाया



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में ग्राम मचांदुर में लोक कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक डी एन करण सपत्नीक उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधकडी एन करण ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लोककला उत्सव के आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति का विकास एवं संरक्षण प्रदान करना है तथा लोककला के माध्यम से ग्रामीणों में सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्न कलाकार समूहों ने अपनी प्रस्तुति दी -कुलेश्वर ताम्रकार, राज्य अलंकृत कलाकार (दुर्ग), स्वरधारा लोक सांस्कृतिक मंच (राजनांदगाँव), स्पर्श लोककला मंच (रायपुर), छतीसगढ़ लोकविधा नृत्य दल (कातरो), पंथीनृत्य दल (उमरपोटी) तथा गेड़ी नृत्य दल (पउवारा)। कार्यक्रम में महाप्रबंधक शिवराजन ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, उप प्रबंधक कमल कांत वर्मा तथा बुधे लाल, आशुतोष सोनी सहित सीएसआर विभाग के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। लोकोत्सव में ग्राम मचांदुर से जनपद सदस्य श्रीमती लेखन साहू, उप सरपंच गजेन्द्र साहू, सभी पंचगण-प्रवीण यदु, तुकाराम साहू, ललित पटेल, वीरेंद्र साहू, श्रीमती कुंती यदु, श्रीमती पूर्णिमा साहू तथा वरिष्ठ ग्रामीण सुखराम पटेल, बैसाखू राम साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, नवाब खान, धर्मेंद्र साहू, ललित देवांगन, धनराज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गांधी कला मंदिर में महिला समाज ने हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई महिला समाज ने 20 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ अपना वार्षिक उत्सव मनाया। यह समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर, भिलाई में आयोजित किया गया। समारोह में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप एवं कार्यपालक निदेशक बी के गिरी मौजूद थे। समारोह में भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मोली चक्रवर्ती, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती नुपुर स्वरुप, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी, महासचिव श्रीमती साधना गोयल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल एवं भिलाई महिला समाज के विभिन्न क्लबों के प्रभारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई महिला समाज के वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, कि भिलाई महिला समाज अपने प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भिलाई महिला समाज ने अपने सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। स्वागत भाषण श्रीमती रीता विश्वकर्मा ने किया। श्रीमती पुनीता कौशल ने आभार प्रदर्शन किया, संचालन श्रीमती भारती खांडेकर एवं श्रीमती नीलिमा द्वारा किया गया।



### सेल के स्वतंत्र निदेशक ने देवबलोदा शिव मंदिर का किया अवलोकन

**भिलाई, 24 जनवरी।** सेल के स्वतंत्र निदेशक अशोक कुमार त्रिपाठी के आगमन पर भिलाई निवास में सेल निदेशक का स्वागत संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, सेल के स्वतंत्र निदेशक अशोक कुमार त्रिपाठी (सेवानिवृत्त आईएएस) से मुलाकात करने भिलाई निवास पहुंचे। आगमन के पश्चात निदेशक त्रिपाठी सर्वप्रथम पीसीबी प्लांट और देवबलोदा शिव मंदिर, चरोदा का अवलोकन करने पहुंचे। सेल निदेशक त्रिपाठी भिलाई में स्थापित पीसीबी, दूषित कचरे के निपटारे के लिए बनाए गए संयंत्र का अवलोकन करने गए। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, महाप्रबंधक प्रवीण कुमार एवं महाप्रबंधक श्री उमा कटोच ने उनका स्वागत किया और पीसीबी संयंत्र के बारे में जानकारी दी।

## विधायक देवेंद्र की पहल पर मानव परिसर में लगेगी हनुमान की विशाल प्रतिमा

**भिलाई, 24 जनवरी।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विधायक देवेंद्र ने पहल की है कि सेक्टर 9 हनुमान मंदिर मानव परिसर में हनुमान जी की दुर्ग जिले की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जाएगी और विधि विधान से पूजा किया जायेगा। विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर 1 शारदा मंदिर से हजारों भक्तों के साथ सेक्टर 9 हनुमान मंदिर तक पैदल ध्वज यात्रा निकाली जाती है हर वर्ष एक जनवरी को मंदिर परिसर को सजाया जाता है एवं हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों भक्तों को के लिए भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। यादव ने अपने कार्यकाल में खुर्सीपार में श्रीराम चौक का भी निर्माण कराया है। अयोध्या जी में श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शाम 6 बजे भव्य आरती एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## लोन की राशि नहीं पटाने पर की गई कार्रवाई



**भिलाई, 24 जनवरी।** एक करोड़ से अधिक कि बकाया राशि पर कलेक्टर के आदेश के बाद तहसीलदार के द्वारा बनाई गई टीम के साथ मकान का कब्जा लिया गया एवम सील किया गया। इस पूरी कार्रवाई में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव, माल जमादार राजस्व छोटे लाल, बैंक ऑफ बड़ौदा से प्राधिकृत अधिकारी जितेंद्र चौरसिया, शैलेंद्र शर्मा, सिद्धार्थ दुबे, माविंद्र जंघेल, चौहान एवं पदमानापुर थाने से आवश्यक पुलिस बल एवं अन्य उपस्थित थे। पूरी कार्रवाई वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ पंचनामा बनाकर की गई। मेसर्स नर्मदा एंटरप्राइजेस पार्टनर कुलबीर सिंह एवं श्रीनिवास आचार्य एवं अन्य के द्वारा लोन लिया गया था लोन की राशि नहीं पटा पाने की स्थिति में कार्रवाई की गई।

## सायबर टीम के प्रयास से पकड़ में आये शातिर चोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 24 जनवरी।** कबीरधाम जिले के थाना सिटी कोतवाली कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पिपरिया, पाण्डातराई, पण्डरिया, क्षेत्रातंर्गत हर तीसरे चौथे दिन लगातार चोरियों की घटना घटित हो रही थी उन चोरियों की घटनाओ मे अंकुश लगाये जाने, तथा मामले में संलिप्त आरोपियो की पतासाजी के लिये डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, एंव श्री हरिश राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया तथा सिटी कोतवाली कवर्धा, एंव जिला सायबर टीम को मामले मे संज्ञान लेकर अज्ञात आरोपियो की पतासाजी करने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के दिशा निर्देश एंव संजय तिवारी उप पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के नेतृत्व मे विशेष टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा हर चोरी की घटनाओ में घटना स्थल का निरीक्षण एंव उनके तरीको का विषलेशण करने पर किसी एक ही गेंग के द्वारा चोरी की घटनओ को अंजाम दिये जाने की संभावना व्यक्त करते हुये उनके आने जाने वाले रास्ते को चिन्हाकिंत किया गया, तथा पूर्व मे चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। किन्तु तीसरे चौथे दिन चोरी की घटना घटित हो ही रही थी। इसके लिए गठित टीम द्वारा थाना सहसपुर लोहारा एवं पिपरिया के टीम के साथ में संयुक्त एमसीपी की कार्यवाही जारी किया गया। इसी दौरान दिनांक 21.01.2024 की रात्रि में की घटनाओं में प्रयुक्त पीकअप वाहन आते दिखी जिसे घेराबंदी कर रोका गया। जिसमें वाहन में सवार दोनों व्यक्ति पुलिस पाटएँ को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिसमें एक व्यक्ति को पुलिस पाटऐं द्वारा मौके पर पकड़ा गया तथा व्यक्ति रात्रि में अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम अश्वनी साहू पिता तुलेश्वर साहू ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी जिला धमतरी का निवासी होना तथा वर्तमान में ग्राम घुघरीकला में जगतारन टंडन के घर में रहकर जिले में हो रही चोरी की घटनाओं में संलिप्त होना चोरी की मशरूका को ग्राम घुघरीकला में जगतारन टंडन के घर में रखे जाने की जानकारी दिया। जिसके आधार पर टीम द्वारा ग्राम घुघरीकला में रेड कार्यवाही किया गया जहां पर जगतारन टंडन के निवास स्थान पर भारी मात्रा में चोरी की गई संपत्ति बरामद किया गया तथा मामले में संलिप्त फरार आरोपी की पतासाजी के लिए रात्रि में आरोपी के छिपने के हरसंभावित स्थानों पर दबिश जाकर अलग-अलग स्थानों से मामले में संलिप्त आरोपीगण - जगतारन टंडन पिता प्रसादी टंडन, नारायण टंडन पिता प्रसादी टंडन, प्रसादी टंडन पिता कली टंडन सभी निवासी आम घुघरीकला थाना कवर्धा तथा मान सिंह सतनामी ग्राम बिरकोना थाना पिपरिया की पतासाजी कर हिरासत में लिया गया। उक्त हिरासत में लिए व्यक्तियों से पुछताछ करने पर उनके द्वारा जिला कबीरधाम के थाना कवर्धा, पिपरिया, सहसपुर लोहारा, पाण्डातराई, पण्डरिया एवं जिला बेमेतरा के ग्राम बेरा तथा जिला धमतरी से महिन्द्रा पीकअप वाहन चोरी की करीबन 30 से अधिक घटना को अंजाम दिया जाना तथा चोरी के समस्त समान को ग्राम घुघरीकला के मकान में रखा जाना बताया गया। पुलिस पाटरों ने ग्राम घुघरीकला से आरोपियों के मकान से विगत माह से हो रही चोरी की गई समस्त प्रकार की मशरूका कम्प्युटर, लेपट, प, पंखा, कुलर, अलमारी, जाली तार, राशन सामग्री, जुता-चप्पल, कपड़ा इत्यादि भारी मात्रा में किया गया बरामद। मोटरसायकल 07 नग एवं 05 नग स्कुटी, महिन्द्रा बोलेरो की जप्ती कार्यवाही किया जाकर आरोपियों से अन्य मामले में पुछताछ की जा रही है तथा अन्य आरोपियों के शामिल होने की अंदेशा है।

## श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया ने किया शमी पौधारोपण

**दुर्ग,24 जनवरी।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ।पूरे देश में भक्तिमय वातावरण ,भजन ,पूजन सहित अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं।अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा हुआ।इसी मुहूर्त में इस मंगल अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा शिवनाथ नदी के पावन तट पर पुराने शिव मंदिर परिसर में पुजारी राजू शर्मा महाराज ,बालकृष्ण थापा सहित दर्शनार्थियों के सहयोग से शमी का पौधा लगाया गया।ग्रीन केयर अध्यक्ष एवम राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने शमी पौधारोपण पश्चात शमी ,( खेजड़ी ), के महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री राम ने शमी वृक्ष की पूजा कर लंका विजय का आशीर्वाद लिया था। हमारा परम सौभाग्य है कि ऐसे महिमामय पवित्र शमी पौधे का हम रोपण कर रहे हैं।इस पौधे का रोपण कर हम लोकमंगल एवम राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना करते हैं ।

## सेक्टर-9 हॉस्पिटल की कार्यशाला में लाइव गाइनेकऑन्को सर्जरी का किया गया प्रदर्शन




भिलाई, 24 जनवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा लाइव ऑन्को सर्जरी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ थे। इस अवसर पर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

बाल्को मेडिकल सेंटर, नया रायपुर के प्रख्यात ऑन्को सर्जन, निदेशक डॉ. मोऊ रॉय इस कार्यशाला के फेकल्टी थे। वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अजीत अग्रवाल तथा वरिष्ठ सलाहकार डॉ. दीपांजन बिस्वास द्वारा इस कार्यशाला को गति प्रदान की गई। डॉ. रवींद्रनाथ एम ने अपने संबोधन में कहा, कि इस कार्यशाला जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम, उभरते विशेषज्ञों के लिए एक सीखने एवं अनुभव प्राप्त करने का एक विशेष अवसर है। यह कार्यशाला सलाहकारों और डीएनबी छात्रों के कौशल और उनकी क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगी। डॉ. विनीता द्विवेदी ने कार्यशाला के आयोजन में ओ एंड जी टीम के प्रयासों की सराहना की। एसीएमओ और विभागाध्यक्ष डॉ संगीता कामरा के नेतृत्व में एनेस्थीसिया विभाग, नर्सिंग और ओटी स्टाफ ने साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन किया। डॉ शायला जैकब द्वारा धन्यवाद प्रस्तावित किया गया। संचालन डॉ प्रभदीप कौर ने किया।

### कबीर आश्रम में तीन दिवसीय आध्यात्मिक सदज्ञान महायज्ञ का आयोजन 26 से



भिलाई, 24 जनवरी। त्रिदिवसीय आध्यात्मिक सदज्ञान महायज्ञ व 55 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का आयोजन निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर में आगामी 26, 27 एवं 28 जनवरी को किया जा रहा है। इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में क्रांतिकारी विचारक युवा संत अभय साहब कबीर पारख निकेतन कहलगांव, जिला भागलपुर (बिहार) से पधारकर रहे हैं। संत जी अपने प्रवचनों से कबीरपंथियों तथा कबीर के बताए गए जीवन के आदर्शों को आत्मसात करने वाले सत्संगियों को कबीर के जीवन से संबंधित अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से अपने प्रवचनों से लाभ पहुंचाएंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक एवं द्वितीय सत्र 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा इस आश्रम में ध्यान योग शिविर का आयोजन भी किया गया है। आयोजन की कड़ी में प्रतिदिन भजन संध्या भी आयोजित की जा रही है जिसमें कबीर जीवन दर्शन का समावेश रहेगा। निर्मल ज्ञान मंदिर का आयोजन समिति ने अधिक की अधिक संख्या में उपस्थित होकर संत की वाणी का लाभ लेने की अपील की है । यह कार्यक्रम निर्मल ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी व प्रबंध कार्यकारिणी समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

### नेहरू आर्ट गैलरी में शालेय बच्चों के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई, 24 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के तत्वाधान में जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में 24 से 28 जनवरी तक सुरक्षा सम्बंधित चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 24 जनवरी को संध्याकाल में मुख्य अतिथि श्रीमती ममता सारंगी एवं विशेष अतिथि श्रीमती सुनीता सारदा द्वारा किया जाएगा। यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए 24 से 28 जनवरी तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से रात्रि 8-30 बजे तक खुली रहेगी।

## नवमतदाता युवा ही नए भारत का आधार:मनीष



**भिलाई, 24 जनवरी।** आगामी 25 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक साथ देश के 5000 स्थानों पर नमो नवमतदाता सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवाओं से रूबरू होंगे। इस सम्मेलन में अधिक से अधिक नवमतदाता युवा हिस्सा ले सकें इसके लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर युवाओं को आमंत्रित किया जा रहा है एवं उनका पंजीयन कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय भिलाई के विभिन्न कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों में युवाओं से मुखातिब हुए। पाण्डेय ने कहा कि नमो नवमतदाता सम्मेलन के माध्यम से देश के विभिन्न स्थानों में युवाओं से रूबरू होंगे और उनसे चर्चा करेंगे। इस संबंध में हमारे द्वारा लगातार स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों में युवाओं से संवाद कर उनका पंजीयन इस सम्मेलन के लिए कराया जा रहा है। आज सेक्टर -7 कल्याण कॉलेज, एबीएस इंस्टीट्यूट, सेक्टर -4 नवीन कामर्स क्लासेस, कुरूद शासकीय स्कूल, चंदू सर क्लासेस आदि में छात्रों से संवाद किया एवं उनका पंजीयन इस सम्मेलन के लिए कराया। श्री पाण्डेय ने कहा कि नवमतदाता युवा ही नए भारत के आधार है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशक्त युवा, सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से आकाश ठाकुर, विशालदीप नायर, राहुल परिहार, गोल्डी सोनी, रोहन सिंह, रितुराज शर्मा, कवर पाल सिंह, मयंक गुप्ता, सन्नी यादव, यशवंत राजपूत, कमलेश सिंह, शेखर शाह, दीपक निर्मलकर एवं हर्ष जैन रेहान अहमद उपस्थित थे।

## एक नजर

### मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 29 जनवरी तक

**बलौदाबाजार, 24 जनवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान के अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र दानीडीपा एवं पकलाडीपा में मिनी आंगनबाडी कार्यकर्ता के रिक्त 2 पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र हरदी,गनियारी, देवगांव एवं बाघमाड़ा में सहायिका के रिक्त 4 पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का मूल्यांकन किया जाकर अंतिम मूल्यांकन (प्राविधिक वरीयता सूची ) परियोजना स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा सूची का प्रकाशन किया गया है। वरीयता सूची के संबंध में दावा आपत्ति हेतु 29 जनवरी 2024 तक व्यक्तिगत रूप से अपना दावा आपत्ति कार्यालयीन समय में कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनाखान में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात् आवेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने अखिल भारतीय रोड शो शुरू किया

**रायपुर, 24 जनवरी।** इलेक्ट्रिक टु और श्री व्हीलर्स की इब्लु रेंज बनाने वाली कंपनी, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, ने 22 जनवरी 2024 को रायपुर से अपने अखिल भारतीय रोडशो की शुरुआत कर दी है। यह रोडशो रायपुर में 5 दिनों तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिन तक इस रोड शो का आयोजन राजिम छत्तीसगढ़ में होगा। यह रोमांचक रोडशो गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की आधुनिक फैक्ट्री से शुरू हुआ। इससे कंपनी के पर्यावरण के अनुकूल और नए-नए इलेक्ट्रिक मोबलिटी सोल्यूशंस प्रदान करने की प्रतिबद्धता की झलक मिली। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के रोडशो में कंपनी के नए इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस रोडशो में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति उत्साही लोग और संभावित उपभोक्ता कंपनी के आधुनिक प्रॉडक्ट्स को पहली बार इतने नजदीक से देख सकेंगे। इस रोडशो में गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के महत्वपूर्ण मॉडलों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें इ0 लु रोज़ी (ई-ऑटो एल5एम), इब्लु रेनो (ई लोडर), इब्लु फियो (इलेक्ट्रिक टु व्हीलर) और इब्लु थ्रिल ई साइकिल रेंज शामिल हैं।

### 26 जनवरी को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### अखंड नवधा रामायण 28 जनवरी से

**भाटापारा 24 जनवरी।** ग्राम टेहका निवासी रोहित साहू ने बताया कि ग्राम टेहका में श्री अखंड



नवधा रामायण का आयोजन 28/01/2024 दिन रविवार से 06/02/2024 दिन मंगलवार तक 9 दिन चलेगा जिसमे रामायण टोलियो को दूर दूर तक आमंत्रण दिया गया इस मौके पर लगभग तीन सौ टोलियो की आने की संभावना जताई जा रही है ग्राम पंचायत टेहका भाटापारा से पूर्व दिशा में सिर्फ 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है रोहित साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत टेहका में पिछले 53 सालो से नवधा रामायण की आयोजन किया जा रहा है, जिसमे ज्यादा से ज्यादा रामायण टोलियो को आमंत्रण दिया गया है।

### स्व. पत्रकार उमेश राजपूत का मनाया गया 14 वां श्रद्धांजलि दिवस, फिर उठी हत्यारों को सजा देने की मांग

**छुरा 24 जनवरी।** 23 जनवरी को छुरा के पत्रकार उमेश राजपूत की 14 वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके गृह ग्राम हीराबतर में सामुदायिक रंगमंच चौक पर किया गया था। जिसमें उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों एवं पत्रकारों के साथ ग्रामवासियों ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात दो मिनट का मौन धारण कर आत्मशांति के लिए प्रार्थना की गई। एवं स्व. राजपूत का स्टैच्यू स्थापित करने हेतु सभी पत्रकारों एवं अतिथियों व ग्रामवासियों ने नारियल तोड़कर भूमि पुजन भी किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं पत्रकारों का ग्राम वासियों ने स्वागत कर मंचासीन किये। वहीं पत्रकारों ने अपने उद्बोधन में स्व.उमेश राजपूत के हत्यारों को अभी तक सजा नहीं मिल पाना बड़ा दुर्भाग्य है कहते हुए अगर हत्यारों की गिरफ्तारी व सजा नहीं मिल पाने से आने वाले दिनों में सर्व समाज के द्वारा एक बड़ा आंदोलन करने की मंच से चेतावनी भी दी गई।वहीं छुरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा ने कहा कि हत्याकांड की घटना के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा दोनों की ही सरकार छत्तीसगढ़ में आई गई लेकिन इन घटनाओं पर दोनों ही पार्टियों की सरकार ने विशेष ध्यान नहीं दिया। इस क्रम में हम चाहे बिलासपुर के पत्रकार शुशील पाठक की बात कहें या छुरा नगर के पत्रकार उमेश राजपूत की बात करें दोनों ही घटनाओं में अभी तक हत्यारों को सजा नहीं मिल पाई। पत्रकार समाज के प्रति हो या शासन की योजनाओं को लेकर चाहे किसी व्यक्ति की समस्या को लेकर दिन हो या रात हो अपनी जान जोखिम में डालकर काम करता है और किसी घटना में अगर उनकी मृत्यु के बाद प्रशासन या सरकार व न्यायपालिका कितनी संजीदा है ओ हमारे सामने है।प्रशासन एवं सरकार को चाहिए कि ऐसी घटनाओं पर त्वरित एवं अविलंब कार्यवाही करनी चाहिए। आज पत्रकार शुशील पाठक हो या पत्रकार उमेश राजपूत के परिजन आज तेरह साल बाद भी न्याय की आस में भटक रहे हैं और न्यायपालिका व प्रशासन के चक्कर लगाने में मजबूर हैं।

# न्याय यात्रा पर षडयंत्रपूर्वक हमले के विरोध में कांग्रेस ने किया मौन प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर सुनियोजित षड़यंत्रपूर्वक किए हमले के विरोध में मंगलवार 23 जनवरी को जयस्तंभ चौक पर कांग्रेसजनों द्वारा काली पट्टी बांधकर मौन विरोध प्रदर्शन किया गया। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व श्री राहुल गांधी जी द्वारा लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत भारत की एकता और अखंडता के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई विपक्ष द्वारा सुनियोजित षड़यंत्रपूर्वक हमला किया जा रहा है जिसको लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय में 23 जनवरी मंगलवार को काली पट्टी बांधकर एक दिवसीय दिवसीय जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया गया एवं रैली के माध्यम से कांग्रेसजन जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक मौन प्रदर्शन किया गया। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि देश की अखंडता व लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस के शीर्षनेतृत्व द्वारा भारत न्याय यात्रा निकाली गई जिसको असफल बनाने के लिए विपक्ष द्वारा यात्रा में तोड़फोड़ व कांग्रेसजनों को परेशान किया जा रहा है एवं हमारे नेता राहुल गांधी जी को मंदिर जाने से रोका गया जिसको लेकर यहा प्रदर्शन किया गया। मौन धरना-प्रदर्शन के संबंध जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाले हैं यह यात्रा जब असम पहुंचे तो उनके काफिले पर सुनियोजित षडयंत्रपूर्वक छेड़खानी



करते हुए बैनर-पोस्टर फाड़कर तोड़फोड कर अभ्रद व्यवहार किया गया वहीं राहुल गांधी जी को मंदिर जाने से रोका गया जिसको लेकर हम कांग्रेस द्वारा पूरे देश में मौन प्रदर्शन कर निंदा करते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से महापौर पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, पदम सिंह कोठारी, आफताब आलम, रमेश राठौर, प्रदेश महामंत्री डा.थानेश्वर पाटिला, महेन्द्र यादव, अब्दुल कलाम, मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, शकील रिजवी, झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, मामराज अग्रवाल, ललिता साहू, फरमान अली, सागर ताम्रकार, आरबी मिश्रा, योगेन्द्र दास वैष्णव, धमेन्द्र साहू, राहुल गजभिये, मोहसिन कुरैशी, कामता प्रसाद, विजय अग्निहोत्री, संदीप जायसवाल, अजय मारकंडे, शैलेष रामटेके, विपत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बरसते पानी के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगो में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 जनवरी।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ दिलाने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन द्वारा दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड महाभियान विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। आज सुबह से ही बरसते पानी के बीच आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगो में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिले में चल रहे विशेष शिविर का जायजा लेने कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आधा दर्जन से अधिक स्थलों का निरीक्षण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम भरसेली,अर्जुनी, मुंडा,लाहोद,लवन नगर,भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत भाटापारा नगर के गांधी चौक,हथनीपारा,ग्राम तरेंगा सहित सिमगा विकासखण्ड के ग्राम रोहरा, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम छरछेद, ग्राम सेल में पहुंचकर शिविर का जायजा लेकर आने वाले लोगों का उत्साह वर्धन किया। गौरतलब है कि भारत



सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत् बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सभी व्यक्तियों को 5 लाख रूपये तक मुफत इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड महा अभियान के नाम से 23 एवं 24 जनवरी को विशेषह्न शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिक से अधिक व्यक्तियों के स्मार्ट कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि निःशुल्क सुविधा का लाभ मिल सके। शिविर का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिक परिषद् में स्थित शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके लिए जिले में आज और कल 5 सौ से अधिक शासकीय उचित मूल्य राशन दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाएं जा रहे। इसके लिए विभिन्न विभागों के 25 सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। आमजन अधिक से अधिक पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड सकते है। आयुष्मान कार्ड के तहत एपीएल परिवारों को 50 हजार रूपये एवं बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपये तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिलती है। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे, एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी, बलौदाबाजार खाद्य निरीक्षण अमित शुक्ला,भाटापारा लक्ष्मण कश्यप सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### परिवहन एवं यातायात विभाग ने किया संयुक्त लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया। लर्निंग लायसेंस शिविर के पहले दिन 110 लोगो को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया। इसी प्रकार लर्निंग लायसेंस शिविर 24, 25 जनवरी को भी जारी रहेगा एवं माह फरवरी में 03, 04 एवं 05 तारीख को शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वी या 08 वी मार्कशीट या पेन कार्ड, लोकल आईडी प्रूफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है। यातायात रथ के माध्यम से यातायात विभाग के प्र.आर. अनुरंजन बारा द्वारा शहर शैक्षणिक संस्थान दिग्विजय कॉलेज, शिवनाथ कॉलेज, कमला कॉलेज, आईटीआई पेण्ड्री परिसर में लाउडस्पीकर के माध्यम से अलाउंस कर लायसेंस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने अपील की गयी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिचोला बाजार, एलबी नगर में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगो को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगो से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

### केंद्र सरकार के तय न्यूनतम वेतन की मांग



**दल्लीराजहरा 24 जनवरी।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दल्लीराजहरा खदान समूह में चल रहे सुरक्षा गार्ड के ठेके में कार्यरत सुरक्षा गार्डो को बीएसपी प्रबंधन एवं ठेकेदार द्वारा राज्य सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन दिया जा रहा था जबकि वे केन्द्र सरकार द्वारा सुरक्षा गार्ड के लिए तय न्यूनतम वेतन के हकदार हैं। ईस मामले पर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ भिलाई के केन्द्रीय अध्यक्ष एम पी सिंग ने डी एल सी केन्द्रीय रायपुर के समक्ष जनवरी 2022 में आई डी लगाया था जिस पर जुलाई 2022 में फैसले देते हुए डीएलसी केन्द्रीय ने भारतीय मजदूर संघ को 16 सुरक्षा गार्ड के लिए न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत आर एल सी केन्द्रीय रायपुर के न्यायालय में अपील करने को कहा जिस पर भारतीय मजदूर संघ ने जुलाई 2022 में ही अपील की जिसमें निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र और ठेकेदार सी डी ओ सिक्योरिटी सर्विसेस भिलाई को पार्टी बनाया। लगभग 20 माह के लंबे अंतराल के बाद 17-01-2024 को आर एल सी केन्द्रीय ने भारतीय मजदूर संघ के पक्ष को सही मानते हुए अप्रैल 2020 से लेकर अगस्त 2023 तक की अवधि के लिए भारतीय मजदूर संघ द्वारा नामित 16 सुरक्षा गार्ड को न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत 3397729 का क्लेम और 16000 क्षतिपूर्ति भुगतान करने का आदेश निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र और ठेकेदार सी डी ओ सिक्योरिटी सर्विसेस भिलाई को दिया। भारतीय मजदूर संघ ने ईस आदेश के तहत बीएसपी प्रबंधन से तत्काल ईस आदेश का पालन करते हुए क्लेम और क्षतिपूर्ति की राशि पीड़ितों को भुगतन करने की मांग की साथ ही ईस आदेश के प्रकाश में भारतीय मजदूर संघ बीएसपी प्रबंधन से अपेक्षा करता है कि आने नये ठेके में सुरक्षा गार्डो को केंद्र सरकार द्वारा तय न्यूनतम वेतन और यूनियन के साथ हुए समझौते के तहत खदान भत्ता और रात्रि कालीन भत्ता का भुगतान किया जावे।

### चोरी के दो अलग-अलग मामलो में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**छुरा 24 जनवरी।** मामला थाना छुरा क्षेत्र है जहां दिनांक 17.01.2024 के दरमियानी रात को श्री साई ट्रेक्टर शो रूम छुरा में रखे नीले रंग का पावरट्रेक कंपनी सोल्ड ट्रेक्टर कीमती 7,50,000 रू को किसी अज्ञात चोर द्वारा दीवाल के घेरा को तोडकर ट्रेक्टर की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। प्राथी की रिपोर्ट पर अपराध क. 26/2024



धारा 457, 380, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दिनांक 17.01.2024 के रात्रि 23.00 बजे के लगभग किसी अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी शैलेन्द्र दीक्षित के घर सामने रखे मो0सा0 सुपर स्पेलेण्डर लाल रंग कमाक सीजी 04 के 8163 कीमती 20,000 रू को चोरी कर ले गया था। जिले के पुलिस कप्तान उमनि/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डी0सी0 पटेल के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में तत्काल छुरा पुलिस टीम को सीडीआर, टावर लोकेशन व पतातलाश का निर्देशन दिया गया जिस पर छुरा पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की तथा रिपोर्ट के आरोपी मेषु साहू उम्र 19 वर्ष साकिन खरखरा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपी के कब्जे से चोरी किये समान को जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# आपरेशन मुस्कान के दौरान सुहेला पुलिस ने नाबालिग को ढूंढ निकाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 24 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार भाटापारा श्री दीपक कुमार झा द्वारा नाबालिग धारा 363 के अपहताओं के प्रकरणों में दस्तायाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक नाबालिग गुमशुदाओं को खोजबीन कर दस्तयाब करने निर्देश के परिपालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार निधि नाग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा% के नेतृत्व में थाना में पंजीबध्द लंबित 363 भा.द.वि. के अपहताओं की पतासाजी की जा रही है कि दौरान पतासाजी थाना में पंजीबध्द अपराध कमांक 267/2022 धारा 363 भा.द.वि. की नाबालिग अपहता जिसे दिनांक 17.10.2022 को अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण कर ले जाने की आशंका पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त अपराध पंजीबध्द कर पता तलाश की जा रही थी नाबालिग अपहता को आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.01.2024 को आरोपी मनीष कुमरे पिता चैतु लाल कुमरे उम्र 25 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी थाना कोतवाली जिला सिवनी (मध्यप्रदेश)के कब्जे से बरामद कर



विधि अनुसार कार्यवाही कर मामले में धारा 366क, 376 भा.द.वि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी मनीष कुमरे पिता चैतु लाल कुमरे उम्र 25 वर्ष निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी थाना कोतवाली जिला सिवनी को आज दिनांक 24.01.2024 को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के नाबालिग अपहता को आरोपी के कब्जे से दीगर राज्य सिवनी मध्यप्रदेश से बरामद कर प्रकरण में सफलता प्राप्त करने में थाना सुहेला से प्रभारी निरीक्षक अजय झा, प्रआर 464 पुरेंद्र साहू ,आरक्षक 774 शांतनु डहरिया, एवं थाना हथबंद से आरक्षक 809 प्रशांतधर दीवान, आरक्षक 377 धर्मेंद्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# एसएसपी ने सभी अहम स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार 24 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि, आबकारी एक्ट की कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अपराधियों की पहचान आदि में सीसीटीवी कैमरा की उपयोगिता को बतलाते हुए थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत सभी मार्ग एवं स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित करने हेतु निर्दशित किया गया। श्री दीपक कुमार झा द्वारा विशेष रूप से ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालक/बालिका की खोजबीन में और तेजी लाने को कहा गया है, जहां आवश्यकता हो वहां टीम बनाकर तुरंत जिले अथवा राज्य से बाहर टीम को भेजकर गुम बालक/बालिका की पतासाजी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असंवैधानिक तत्वों पर कार्यवाही और तेज करने हेतु हिदायत दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे, मोडिफाइड साइलेंसर एवं ध्वनि प्रदूषण करने वाले अन्य तत्वों के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



# सुभाषचंद बोस की जयंती पर कांग्रेस ने आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती पर मंगलवार 23 जनवरी को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कामठी लाइन दिल्ली दरवाजा के पास स्थित सुभाषचंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के नारे लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद की जयंती पर दिल्ली दरवाजा पर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष के नारों के नारे लगाएं। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद बोस के भाषण इतना



सशक्त था कि लाखों लोग अपना सर्वेस्य समर्पण करने के लिए तैयार हो जाते थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी दिनेश शर्मा, पदम सिंह कोठारी, रमेश राठौर, अब्दुल कलाम, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, प्रकाश ठाकुर, इकरामुद्दीन सोलंकी, बबलू कसार, अरशद खान, गेमू कुंजाम, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, मनीष साहू, महेश साहू, मामराज अग्रवाल, मोहसिन कुरैशी, ललिता साहू, फरमान अली, आरबी मिश्रा, योगेन्द्र दास वैष्णव, राहुल गजभिये, विजय अग्निहोत्री, संदीप जायसवाल, विपट साहू, शैलेष रामटेके, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने बैंक मैनेजरों की ली बैठक

# बैंक एवं एटीएम के सुरक्षा गार्ड का अनिवार्य पुलिस वेरीफिकेशन के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 जनवरी।** पुलिस कंट्रोल रूम राजनांदगांव स्थित पुलिस जनसंवाद कक्ष में जिला के सभी बैंक के मैनेजरों की मीटींग आहुत की गई जिसमें बैंक एवं पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने एवं आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा बैंकों से चाही गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा किया गया। बैंक एवं एटीएम में लगे हुए सुरक्षा गार्ड का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन की जावे। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को चालू हालत में रखा जाये। साथ ही बैंक के आसपास आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए एवं कही पर भी किसी के द्वारा संदिग्ध आचरण परिलक्षित हो तो




तत्काल पुलिस को अवगत कराये। साइबर अपराध/ बैंक अपराध व धोखाधड़ी के अपराधों में सीसीटीवी फुटेज तत्काल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस आवेदन देती है तब सीसीटीवी फुटेज समय पर उपलब्ध कराया जाने हेतु निर्देशित कर विषम परिस्थिति में संबंधित थाना से सम्पर्क करने कहा गया। बैंक में सुरक्षा उपकरणों को बीच-बीच में चेक करते रहने के साथ साथ बैंक के भीतर प्रवेश करने वालों का रजिस्टर मेंटेन करने हेतु भी निर्देशित किया गया। साथ ही साथ कहा कि सायबर फ्रॉड़ होने पर प्रार्थी सिधा बैंक चला जाता है इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव (आईयूसीएडब्ल्यू) सोनिया उके, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं जिले के सभी बैंकों से आए बैंक मैनेजर एवं लीड बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संपादकीय

# पीएम मोदी का एक और मास्टरस्ट्रोक

राजनीति में कुशल राजनेता वही माना जाता है जिसके अगले राजनीतिक कदम के बारे में कोई अंदाजा तक नहीं लगा पाता है कि उसका अगला राजनीतिक कदम क्या होगा। देश में वर्तमान में ऐसा राजनेता है तो वह हैं नरेंद्र मोदी। सब मानते हैं कि पीएम मोदी कई बार ऐसे फैसेल लेते हैं जिससे पूरा देश चौंक जाता है, देश के जाने माने राजनीतिक विश्लेषक तक को कहना पड़ता है कि पीएम मोदी ऐसे फैसले करते हैं जिसका अंदाजा हम लोग नहीं लगा सके। अयोध्या में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अभूतपूर्व आयोजन के बाद सब मान रहे थे कि पीएम मोदी व भाजपा का यही मास्टर स्ट्रोत है। यह लोकसभा चुनाव में एक मुख्य मुद्दा होगा। अब पीएम मोदी के पास कोई ऐसा मुद्दा नहीं जिससे वह देश को चौंका सके तथा राजनीति को गहरे तक प्रभावित कर सकें। पीएम मोदी किसी एक मुद्दे पर इस हद तक निर्भर कभी नहीं रहते हैं कि उसके प्रभावी न होने पर उन्हें या भाजपा को नुकसान का सामना करना पड़े। वह एक साथ कई मुद्दों पर काम करते रहते हैं तथा समय आने पर उस मुद्दे को सामने लाते हैं। विरोधी यह समझते रहते हैं कि पीएम मोदी हिदुत्व के मुद्दे के भरोसे राजनीति करते हैं वह हिदुत्व के मुद्दे की काट ढूंढते हैं तो पीएम मोदी कोई दूसरा मुद्दा लाकर विपक्ष को हतप्रभ कर देते हैं। अयोध्या मुद्दे से अभी पूरा देश प्रभावित है, ऐसे में पीएम मोदी ने एक दिन बाद ही बिहार के पिछड़ों के सर्वमान्य नेता कर्पूरी ठाकर को भारत रत्न देने की घोषणा कर सबको फिर चौंका दिया है। मोदी के बारे में कहा जाता है कि वह सही मौके पर सही चाल चलते हैं। उन्होंने कर्पूरीठाकुर की 100 वीं जयंती पर उनको भारत रत्न का सम्मान देने की फैसला कर फिर साबित किया है कि राजनीति में उनका कोई मुकाबला नहीं है। आज देश व राजनीति के नेता भी जब कर्पूरी ठाकुर को लगभग भूल चुके थे। पीएम मोदी ने उनको याद करने का काम किया है। उन्हें इतिहास के पन्नों से बाहर लाकर उनके प्रति गहरा सम्मान प्रकट किया है और पिछड़ों को संदेश दिया है कि उनको सही में सम्मान भाजपा व पीएम मोदी ही दे सकते है। यानी यह पिछड़ा वोट बैंक को मजबूती देने का काम तो है ही। उन्होंने बिहार के दो प्रमुख नेता नीतीश कुमार व लालू यादव सहित तमाम नेताओं के सामने भी मुश्किल खड़ी कर दी है। उन्होंने इतिहास के पन्नों से कर्पूरी ठाकर को निकाल कर आज के बिहार नेता नीतीश कुमार,लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव तमाम नेताओं के सामने कर्पूरी ठाकर को खड़ा कर दिया है तथा यूपी,बिहार के पिछड़े वर्ग को संदेश दिया है कि आपका नेता तो कर्पूरी ठाकर के समान होना चाहिए। उनके समान ईमानदार होना चाहिए, उनके समान सामाजिक न्याय के लिए सार्थक काम करने वाला होना चाहिए और सबसे बड़ी बात परिवारवाद विरोधी होना चाहिए। कर्पूरी ठाकर को सामने लाकर इस बात को रेखांकित किया गया है कि वह कितने ईमानदार थे, दो उदाहरणों से इसे लोगों का बताया गया है कि बिहार व यूपी के पिछड़ा वर्ग के नेताओं को ऐसा ही होना चाहिए।एक उदाहरण यह दिया जाता है कि वह दो बार बिहार के सीएम रहे लेकिन जब उनका निधन हुआ तो उनके पार अपना घर तक नहीं था। दूसरा उदाहरण यह दिया जाता था कि वह परिवारवादी नहीं थे, भाईभतीजावाद तो बढ़ावा देने वाले नहीं थे। बताया जाता है कि एक बार उनका बहनोई उनके पास आया कि उनको कहीं कोई नौकरी लगवा दें। तो कर्पूरी ठाकर ने उन्हें अपने पास से पचास रुपए दिए और कहा कि जाओं इससे अपना पुश्तैनी नाई का काम करो। इस उदाहरण के सामने आने के बाद बिहार व यूपी का पिछड़ा वर्ग यह तो तुलना करेगा ही कि उनके आज के बिहार व यूपी के विपक्ष के नेता कैसे है। उसको बड़ी निराशा तब होगी जब एक भी नेता उसे कर्पूरी ठाकुर जैसा नहीं मिलेगा तो क्या होगा। तो होगा वह जो पीएम मोदी चाहते हैं। पिछड़ा वर्ग पूरे देश सहित बिहार पीएम मोदी की तुलना कर्पूरी ठाकर से करेगा तो वह पाएगी कि कर्पूरी ठाकर के समान तो पीएम मोदी ही हैं। वैसे ही ईमानदार, वैसे ही बिना घर वाले, वैसे ही भाई भतीजावाद को बढ़ावा नहीं देने वाले। यानी का आधुनिक कर्पूरी ठाकर. ऐसे में अगले चुनाव में बिहार की जनता उनके नाम पर वोट क्यों नहीं देगी।

# कर्पूरी ठाकुर के प्रयास से करोड़ों का जीवन बदला

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर लेख

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर। आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।



Democracy, Debate और Discussion तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से OBC, SC और ST समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने SC, ST और OBC Reservation का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रांसफर के लिए परेशान लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर की खुशखबरी मिलेगी। किसी अनजान की हेल्प करके आप अपने आप को कुछ बेहतर फील महसूस करेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी आपका मन हल्का होगा। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमे आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नयी ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक-दूसरे को अच्छे से समझेंगे। आज अपने निर्णय में परिवार की सलाह लेंगे। आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान जरूर देना होगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चों पर रोंक लगाना चाहिए। विद्यार्थी अपने रुके काम को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप फिट रहेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसलटेंट टीम से बातचीत करेंगे। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और ज्यादा प्रेम बढ़ेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं।

धनु राशि- आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। लवमेट की आज फ़ोन पर देर तक बात होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से चेक कराएंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा। आज आप अपनी माता की मनपसंद चीज लाकर गिफ्ट देंगे। बुजुर्गों का आज दान पुण्य के कार्यों में मन लगेगा। अपनी कोई बात जो आप अपने परिवार के साथ शेयर करेंगे।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का कोई रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट आपके पक्ष में होगा। आज आपके शत्रु परास्त्र होंगे।

## 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस

# बालिकाओं की सुरक्षा के हो गम्भीर प्रयास

**रमेश सर्राफ धमोरा**



लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस हृड्डह्लद्बश्ठ्ठड्डद्य ल्द्बह्य ष्ठ्वद्बद्यस्र छ्ड्ड4 मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

देखा जाये तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नहीं हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नहं है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके कि देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़कियां लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हें धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कहीं भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

## विश्लेषण

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# रामलला मंदिर एक नए युग की आधारशिला बनेगा !



अयोध्या नगरी में श्री रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह विश्व भर के आयोजनों में सबसे अधिक गरिमा व बहुल जन से जुड़ा आयोजन साबित हुआ है। ऐसा आगमन तो संभवतः उस समय भी नहीं हुआ होगा जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर और रावण का अंत करके अयोध्या लौटे थे। उस समय का उत्साह संभवतः अवध तक सीमित रहा होगा, किन्तु अब जब 500 वर्ष बाद रामलला अपने दिव्य रूप में, भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो इसका उत्सव परे विश्व में मनाया जा रहा है। शायद ही कोई ऐसा अवसर होता हो जब पूरे भारत को चलाने वाले सभी दिग्गज उद्यमी, पूरी सरकार , साधु-संत, प्रत्येक क्षेत्र की दिग्गज विभूतियां एक साथ एक आयोजन में सम्मिलित हों। वह भी धार्मिक आयोजन में...। राम मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालु बने। यह विशेष अनुष्ठान पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने इसे अलौकिक क्षण बताते हुए %सियावर रामचंद्र की जय% और %जय श्री राम% का उद्घोष किया और अपने संबोधन में कहा, %हमारे राम आ गए हैं।%यह वह उल्लास और गौरव का क्षण था जिसे इस देश की 140 करोड़ जनता और विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों ने शिद्दत के साथ महसूस किया। जिन अभागो ने राजनीतिक अथवा सांप्रदायिक मनोविकारों या दुराग्रहो के चलते इस प्राण प्रतिष्ठा से कोई अनुभूति अनुभव नहीं की निसंदेह वह अभागे हैं अथवा आठ सौ साल के मुगल अत्याचार और सत्तर साल की छद्म धर्मनिरपेक्षता की घुट्टी पिलाने वाले घोर संस्कृति व संस्कार द्रोही राजनीति के विषवमन से अभी निजात नहीं पा सके हैं। देर सवेर उनको भी सद्बुद्धि आना तय है क्योंकि इस देश का आम जनमानस जाग चुका है। यह ठीक बिल्कुल वैसे अंदाज में कालक्रम में घटित हुआ है जैसे पवनपुत्र हनुमान को उनकी ताकत और संकल्प क्षमता को बताने पर उनके भीतर अदम्य साहस व पराक्रम का प्रादुर्भाव हुआ था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश भर में जो माहौल देखने को मिला वह अभूतपूर्व है। प्रत्येक सनातनी परिवार के घर में दूसरी दीपावली जैसा उत्साह नजर आया। घरों, मंदिरों को इस तरह भगवा झंडों, बिजली की लड़ियों और दीपमालाओं से सजाया गया, जिसके सामने कोई भी पर्व, कोई भी उत्सव फीका पड़ जाए। संभवतः भाजपा ने भी इस अवसर पर इतना देश विदेश व्यापी जन जागरण भरे उल्लास की परिकल्पना नहीं की होगी या यह उसकी कल्पना से भी ज्यादा रहा। दरअसल राजनीतिक दलों को जहां इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में राजनीति नजर आ रही है, वहीं श्रद्धालुओं को केवल और केवल अपने आराध्य भगवान रामलला नज़र आ रहे हैं। यह किसी राजनीतिक दल द्वारा उत्पन्न किया गया जोश नहीं है, यह देश के एक सौ बीस करोड़ जन मानस के मन का उत्साह है, यह हृदय की उमंग है। यह किसी स्वप्न के साकार होने जैसा है। वह दिवा स्वप्न जिसके लिए कोलकाता के कोठारी बंधुओं ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे, वह स्वप्न जिसके लिए धनबाद के रकमाटांड़ गांव में रहने वाली 85 वर्षीय सरस्वती देवी ने 30 वर्ष पूर्व मौन व्रत धारण कर लिया था, वह स्वप्न जिसके लिए लाखों हिन्दुओं ने शांतिपूर्वक लंबी कानूनी लड़ाई और तत्कालीन छदम धर्मनिरपेक्ष दलों की सरकारों की लाठी गोली खाकर अपना बलिदान देकर भी अपने आराध्य देव को ससम्मान प्रतिष्ठित करने का प्रण लिया जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक जीत हासिल की, वह स्वप्न जिसे पूरा होते देखने की इच्छा हर सनातनी के हृदय में थी। मंदिर -मस्जिद विवाद पर 2019 में उच्चतम न्यायालय का फैसला आने के बाद पिछले कुछ वर्षों में मोदी-योगी सरकार ने अयोध्या धाम का स्वरूप ही बदल डाला। श्रीराम मंदिर की भव्यता तो देखते ही बनती है। पारंपरिक नागर शैली में बना मंदिर परिसर 380 फुट लंबा (पूर्व-पश्चिम दिशा), 250 फुट चौड़ा रऔ 161 फुट ऊंचा है। मंदिर की प्रत्येक मंजिल 20 फुट ऊंची और उसमें कुल 392 स्तंभ और 44 द्वार हैं। मंदिर के स्तंभ और दीवारों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनायी गयी हैं। 16 जनवरी से सरयू किनारे शुरू हुए अनुष्ठान सोमवार 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा सरमोह के साथ संपन्न हुए। श्रीरामलला अब टेंट नहीं, अपने भव्य मंदिर में रहेंगे और इससे बड़ा हर्ष सनातनियों के लिए और क्या हो सकता था? यह हर्ष, यह उल्लास अयोध्या से अमेरिका तक स्पष्ट नजर आया। हिन्दुओं की ऐसी एकजुटता कभी नहीं देखी गई, जैसी इस आयोजन में नजर आई। विपक्षी दलों की सरकारों वाले राज्यों में, जहां हिन्दुओं पर अघोषित आपातकालीन अंकुश था, वहां भी हिन्दुओं ने असीम उत्साह के साथ सोमवार को दूसरी दीपावली मनाई। यह भाजपा के नीति नियंताओ की दूरदर्शिता और इस देश के आम जनमानस को समझने की परिपक्वता है कि उसने मंदिर ट्रस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस आयोजन को दुनिया के सबसे बड़े व सफल आयोजन का रिकॉर्ड बना दिया। अब बेशक कोई आरोप लगाये कि भाजपा चुनावी लाभ लेने के लिए इस में सबसे आगे है लेकिन यह भी सत्य है कि दो सीट से सत्ता के शिखर तक पहुंचने के लिए भाजपा की साधना में रामलला का मंदिर भी एक बडा कारण रहा है । दूसरी ओर , इसे विपक्ष का दुर्भाग्य कह सकते हैं कि उसने इस आयोजन को भाजपा का बताकर स्वयं ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। यदि विपक्षी दल बढ़-चढ़कर इसमें भाग लेते तो भाजपा अकेले कैसे इसका लाभ ले पाती? उनको इस आयोजन को जनसामान्य का आयोजन बना देना चाहिए था। एक ओर इस आयोजन को राजनीतिक बताना और दूसरी ओर %राम सबके हैं% कहना, यह तर्क भला किसके गले उतरेगा? देशभर के मंदिरों की सफाई से लेकर साज-सज्जा तक का श्रेय लेकर भाजपा ने एक बार फिर आम जन के दिल दिमाग में अपनी जगह बना ली है इसे मिटा पाना बहुत मुश्किल होगा भाजपा ने यह काम करके न सिर्फ देश के आम जन मानस के बीच अपनी गहरी पैठ बना ली है वरन विपक्ष को भी आईना दिखा दिया है कि देश का एक विशाल जनमानस भाजपा के साथ है 2024 के चुनाव में श्री राम लला मंदिर की यह प्राण प्रतिष्ठा निश्चित रूप से नई सरकार का प्राण आधार बनेगी इसमें शक करना मौजूद माहोल को देखते हुए बेमानी होगी भाजपा के नीति नियंता प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में इस बात का स्पष्ट संकेत भी दे चुके हैं कि यह एक नए युग की शुरुआत है वास्तव में यह एक नए युग की शुरुआत है जिसमें इस देश के आमजन मानस को समझने वाला राजनीतिक दल अभी अपने परो को और अधिक विस्तार देने में सफल होगा।



## एक नजर



### कलेक्टर ने किया समाज कल्याण विभाग के कार्यालय, जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

**बालोद, 24 जनवरी।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज गंगा नगर झलमला में स्थित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक कार्यालय, जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र एवं घोटिया चैक झलमला में स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का आश्रय गृह घरौंदा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के परिसर में स्थित जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में पहुँचकर कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, स्पीच थेरेपी कक्ष एवं साइकोलॉजी थेरेपी कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में ईलाज हेत आने वाले दिव्यांगों के ईलाज आदि की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में पदस्थ चिकित्सकों एवं स्टाफ के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष में पहुँचकर कृत्रिम अंग बनाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने घोटिया चैक झलमला में स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों का आजीवन आश्रय गृह घरौंदा में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने घरौंदा में वर्तमान में कुल उपस्थित दिव्यांगों के संख्या के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने वर्तमान में घरौंदा में कुल 15 दिव्यांगों के निवासरत होने की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने घरौंदा के पूजा कक्ष, शयनकक्ष, रसोई कक्ष आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री योगेंद्र श्रीवास, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बालोद जिले में अब तक 6 लाख 88 हजार 110 मेट्रिक टन से अधिक धान की हुई खरीदी

**बालोद, 24 जनवरी ।** बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 157 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 37 हजार 973 किसानों द्वारा कुल 06 लाख 88 हजार 110 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1506 करोड़ 52 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 05 लाख 63 हजार 658 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 04 लाख 36 हजार मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 52 हजार 110 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 7254 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21 हजार 554 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### धान खरीदी में धान के उठाव एवं रकबा समर्पण कार्य को प्राथमिकता दें:कलेक्टर

**जगदलपुर 24 जनवरी।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही संकल्प यात्रा के डाटा अपडेशन कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उठाव स्थिति की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों से धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था, बारदाना की आवश्यकता और धान के उठाव की जानकारी ली। उन्होंने बकावण्ड विकासखण्ड में किसानों से उपार्जन केन्द्रों में की जाने वाली धान खरीदी की मात्रा अधिक होने और कम रकबा समर्पण पर नाराजगी जाहिर कर धान खरीदी के नोडल अधिकारियों, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकावंड क्षेत्र में स्थापित 21 धान खरीदी केंद्रों में रकबा समर्पण के कार्य में गति देते हुए बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में समय सीमा की बैठक के दौरान दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जन शिकायत,जन चौपाल और पीएनजी के प्रकरणों का तत्काल कार्यवाही कर आगामी समय-सीमा से पहले निराकृत करने कहा। कलेक्टर ने 25-26 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दायित्व दिया। साथ ही गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों के संबंध में विभागों के अधिकारियों से चर्चा किए।

### स्वास्थ्य और राजस्व मंत्री ने कुमार लक्ष्मी नारायण देव को दी श्रद्धांजलि

सुकमा, 24 जनवरी । स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज सुकमा पहुंचकर स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव को विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रगट की। स्वर्गीय श्री देव को श्रद्धांजलि देने राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय, रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोती लाल साहू और श्री अजय जामवाल भी सुकमा पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित की और परिवारजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि स्वर्गीय श्री कुमार लक्ष्मी नारायण देव जगदलपुर के विधायक श्री किरण देव के पिता हैं। विगत कुछ दिनों पूर्व उनका निधन हो गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में श्री सोयम मुक्का, श्री धनीराम बारसे, श्री हूंगा राम मरकाम, विधायक श्री किरण देव और उनके परिजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# निर्मल निकेतन हाईस्कूल कारली के 28वें वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी मोहक प्रस्तुति

- रंगारंग कार्यक्रम में केजी के नन्हे छात्रों ने भी दर्शकों की खूब बटोरी ताली
- 10वीं में टॉप करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि ने किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 जनवरी।** निर्मल निकेतन हाईस्कूल कारली दंतेवाड़ा ने अपना 28वां वार्षिकोत्सव दिवस बड़े ही धुमधाम एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गौरव रॉय पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा उपस्थित हुए। सम्मानिय अतिथियों के रूप में फादर मार जोसेफ कोल्लमपरमपिल (बिशप कैथोलिक डाइसेस जगदलपुर)प्रोविंशियल फादर संतोष कोथेरिल, प्रमोद ठाकुर (जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा) समेत विद्यालय के सभी पूर्व प्रिंसिपल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्मल निकेतन विद्यालय परिवार ने स्कूल के सभी छात्रों एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था।

कार्यक्रम की शुरूआत 19 जनवरी शाम 6 बजे पारंपरिक दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, नाटक मंचन की प्रस्तुति पेश कर अतिथियों एवं उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। अलग अलग कक्षाओं के छात्रों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक डांस भी पूरे गेटअप के साथ किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। केजी, नर्सरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी फिल्मी गानों पे मंच में खूब कमर मटकाया और अपने मासुम अदाओं से ठिठुरती शाम में गर्मजोशी से भर दिया। छात्रों के रंगारंग कार्यक्रम को देखकर छात्रों के अभिभावक, स्कूल के शिक्षकगण व दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और बच्चों का भरपुर उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने एकल व सामुहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया इस दौरान छात्रों ने अलग अलग प्रकार के पोशाक पहन रखा था जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम के दौरान ही विद्यालय के प्राचार्य आनंद एक्का ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अपने संदेश में विद्यालय एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं की शैक्षिक, खेल एवं अन्य उपलब्धियों का उल्लेख किया। छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उन्हें प्राचार्य आनंद एक्का एवं अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरव राय ने अति सुंदर रंगारंग कार्यक्रम के लिए आयोजकों एवं छात्रों को बधाई दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति पूरे समर्पण भाव के साथ मन लगाकर पढ़ने के साथ साथ शारिरीक फिटनेस पर भी ध्यान देने की सलाह दी और छात्रों को मोटीवेट किया। श्री राय ने दसवीं में टॉप करने वाले छात्र नैतिक जैन, दर्शना साहू एवं आदित्य जैन को सम्मानित किया । वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर आकर्षक प्रस्तुति देने वाले छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रमोद ठाकुर जिला शिक्षा अधिकारी ने भी 8वीं एवं 9वीं के छात्रों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रो को इसी प्रकार से निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित किया कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल के धन्यवाद प्रस्ताव व भांगड़ा नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद एक्का ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं पूरे विद्यालय स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एनएमडीसी ने सीएसआर में उत्कृष्टता के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्ड जीता




**हैदराबाद, 24 जनवरी ।** राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व और जवाबदेही के लिए प्रतिष्ठित स्कोप एमिनेंस अवार्ड जीता। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने एनएमडीसी को अपनी प्रमुख परियोजना के क्षेत्रों की परिस्थितियों को बदलने वाली परिवर्तनकारी सीएसआर पहलों के लिए पुरस्कार प्रदान किया। एनएमडीसी की ओर से श्री एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) ने पुरस्कार प्राप्त किया। एनएमडीसी पांच प्रमुख क्षेत्रों- सुदृढ़ स्वास्थ्य देखभाल, समुदाय के लिए बुनियादी ढांचा, सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, कौशल विकास में निवेश और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी सामाजिक पहलों के माध्यम से खानों के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदायों को सशक्त बना रहा है। पुरस्कार पर टिप्पणी करते हुए, श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, ×ह्ह्वश्ह्ल;एनएमडीसी सुदूर क्षेत्र में रहने वाले हमारे मेजबान समुदायों के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त आकार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट लीडर के रूप में, हमारा उद्देश्य अपने जनजातीय समुदाय के सपनों को साकार बनाना और सतत आय सृजन के लिए कौशल विकास जैसी अपनी सीएसआर पहलों के साथ ग्रामीण भारत में सतत आर्थिक विकास लाना है।

## डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम पलारी में आयोजित

**कोंडागांव।** वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम पलारी में 23 जनवरी मंगलवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री आरपी वर्मा सर जी अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग , सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव 2, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शिवलाल मंडावी जनपद अध्यक्ष कोंडागांव, श्रीमती प्रमिला मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत पलारी तथा पंचगण एवं ग्राम की जनप्रतिनिधि ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर व माल्यर्पण कर एवं राष्ट्गान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा द्वारा डाकघर के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन को विस्तृत रूप से जानकारी दी, उन्होंने बताया डाकघर की योजना प्रत्येक वर्ग के हित के लिए बनाया गया है जिसमे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, सक्षम वर्ग तथा अधिक सम्पन्न इस प्रकार अपनी यथाशक्ति निवेश करने की आदत डालने पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी डाकघर की के छोटी-छोटी बचत योजनाओं को जाना एवं समझा, एवं हर घर मे डाकघर का एक खाता खुलवाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को अधीक्षक महोदय के द्वारा विभागीय कलेंडर भेट की गई। इस मौके पर ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाकघर बचत बैंक, आईपीपीबी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया गया जिसमें बानोथ रविंद्र पोस्टमास्टर कुसमा, चेतमन मरकाम, यादव, सुनीत कुमार सत्री, नेहा मिश्रा, नरसिंग प्रजापति, सियाराम सोरी, सुधांशु, को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# विशेष ग्राम सभाओं से ग्रामीणों को यातायात नियमों की दी जाए जानकारी: कलेक्टर



**कोण्डागांव, 24 जनवरी ।** मंगलवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने शहर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग में लाइटों तथा सड़कों की मरम्मत की आवश्यकता में बल देते हुए इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए सुधार हेतु निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने कैट आई, रिफ्लेक्टर, डेलिनेटर तथा डिवाइडरों के कोनों पर क्रैश बैरियर लगाने को कहा। जिला मुख्यालय में डिवाइडर पर लगाए गए पौधों पर लगातार पानी डालने तथा शहर में धूल ना उड़े इसके लिए सड़क के दोनों ओर जमीं धूल को साफ करवाने एवं नियमित रूप से पानी डालने को कहा।पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैट आई की कमी एवं कुछ कैट आई के खराब होने पर चिंता व्यक्त करते हुए तुरंत सभी खराब कैट आई का सुधार करने तथा सभी आवश्यकता वाले स्थालों पर रोप बैरियर, डेलिनेटर तथा ब्लिंकर लगाने हेतु निर्देशित किया।कलेक्टर द्वारा सड़कों पर साइन बोर्ड लगाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा पशुओं को सड़कों से दूर रखने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के माध्यम से आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने हेतु निर्देशित किया। लोगों को ट्रैफिक नियमों के संबंध में जागरूक करने हेतु कलेक्टर ने ग्राम पंचायत के माध्यम से लोगों को शिविर लगाकर सूचित करने तथा आगामी ग्राम सभा में ट्रैफिक नियमों कि ग्रामीणों को जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी एजेंसियों एवं सड़क निर्माण एजेंसियों को संयुक्त रूप से सड़कों का निरीक्षण कर आपसी समन्वयं द्वारा सड़कों को सुरक्षित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ एन गुरुनाथन, रमेश जांगड़े, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ध्वनि प्रदूषण प्रावधानों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई:अग्रवाल

- रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः पाबंदी
- शासकीय कार्यालय, अस्पताल, स्कूल के 100 मीटर परिधि क्षेत्र कोलाहल प्रतिबंधित जोन घोषित
- ध्वनि प्रदूषण पर निगरानी एवं कार्रवाई करने बनी विशेष टीम
- वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई बैठक



**गरियाबंद,24 जनवरी।** माननीय उच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण रोकने के निर्देश पर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, अन्य न्यायालय तथा समस्त शासकीय कार्यालय के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, एडीएम अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, डी.सी.पटेल सर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सर्व थाना प्रभारी भी शामिल हुए।विडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ध्वनि प्रदूषण रोकने जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने थानावार सूची बनाने कहा जिसमें डीजे मालिक का विवरण, डीजे की जानकारी, प्रेशर हार्न, सायलेंसर की जानकारी रहे। साथ ही नियम विरूध्द डीजे, प्रेशर हार्न उपयोग करने वालों के विरूध्द कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को साइलेंस जोन की परिधि में ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंधित संबंधी होर्डिंग, पोस्टर बैनर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कंट्रोल रूम का फोन नंबर जारी कर समुचित प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे आम नागरिक ध्वनि प्रदूषण प्रावधान के उल्लंघन की जानकारी कंट्रोल रूम में दे सकेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र के डीजे मालिक, मैरिज हाल संचालक एवं समाज प्रमुखों की बैठक लेकर ध्वनि प्रदूषण उल्लंघन पर सजा के प्रावधानों की जानकारी साझा करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण के प्रकरणों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ध्वनि प्रदूषण संबंधित प्रावधानों का यदि पहली बार उल्लंघन किया है तो उसे ऑन-लाईन दर्ज करें ताकि, दूसरी बार उल्लंघन होते ही पता चले, क्योकि पहली बार संबंधित न्यायालय में सुनवाई होगी लेकिन दूसरी बार उल्लंघन पाये जाने पर माननीय न्यायालय के समक्ष सुनवाई होगी। उन्होंने कहा कि ध्वनि मापक यंत्र से साक्ष्य एकत्रित किया जाए। वीडियोग्राफी से भी साक्ष्य लिया जाए। और उसे संबंधित प्रकरण के साथ प्रस्तुत किया जाए। बिना अनुमति के वाहन माडिफाइड कराकर डीजे लाउडस्पीकर बजाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। यदि वाहन अनुमति का है और उसमें ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा है, तो उस पर भी कार्यवाही होगी। ऐसे ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले यंत्र को वाहन से उतरवाया जाए, सख्ती से कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों के लिये दिये गये समय पर उल्लंघनकर्ताओं पर कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन, पुलिस, नगरीय निकाय की टीम गठित कर कार्यवाही करने एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सभी थानों में समिति गठित कर, क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्थलों पर आयोजित उत्सवों, शांत क्षेत्र आदि का चिन्हांकित किया जावें तथा उल्लंघनकारी के विरूध्द जप्ती एवं सक्षम न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में शांत क्षेत्र मे कार्यवाही के संबंध में एस.ओ.पी.भी तैयार करने के निर्देश दिए। जिसमें चिन्हांकित शांत क्षेत्र में स्थित शैक्षणित संस्थाओं, अस्पताल, न्यायालय आदि के नोडल अधिकारी शिकायत हेतु समन्वय अधिकारी की नियुक्ति, ध्वनि प्रदूषण शिकायत हेतु फोन नम्बर जारी करने उल्लंघनकताओं के विरूध्द साक्ष्य एकत्रित करने हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं सक्षम साक्ष्यों सहित सभी किये जाने वाले आवश्यक कार्यवाहियों का विस्तृत एवं स्पष्ट उल्लेख हो।

## समाचार संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री से लैब टेक्नीशियन के खिलाफ की गई शिकायत



**सुकमा, 24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लैब टैक्नीशियन द्वारा ठगी के आरोप की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री से की गई। सीपीआई नेता राजेश नाग द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को लिखित शिकायत की जिनकी प्रतिलिपि कलेक्टर को भी दी गई। उन्होंने लिखित शिकायत में उल्लेख किया कि बेरोजगार युवाओं को गोरेलाल जांगडे जो स्वास्थ्य विभाग मे टैक्नीशियन के पद पर नियुक्त है जिनके द्वारा लाखो की बेरोजगारो से ठगी की गयी है। जिस पर मंत्री श्री जायसवाल द्वारा तत्काल जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया ।शिकायत मे श्री नाग द्वारा कहा गया है कि जिला अस्पताल सुकमा में लैब टैक्नीशियन द्वारा बेरोजगार युवाओं के साथ लाखों रुपए की ठगी का आरोप लगा है। समाचार पत्रों मे प्रकाशित हुई है जिसकी जानकारी हमें मिलते ही पीड़ित युवाओं से मुलाकात कर जानकारी ली गई युवाओं ने बताया कि हमें सफाईकर्मी और सुरक्षागार्ड की परमानेंट नौकरी के लिए युवाओं से 30 से 50 हजार रुपए तक की मांग की है। कुछ बेरोज़गार युवा फोन पे के माध्यम से भी पैसा ट्रांसफर गोरेलाल जांगडे को किया है और लैब टैक्नीशियन गोरेनाथ जांगड़े के द्वारा पहले भी इस तरह के मामला सामने आया है, लेकिन विडम्बना कोई कार्रवाही नहीं हुआ। बेरोजगार युवाओं द्वारा शिकायत करने पर उन्हें काल कर डराया व धमकाने का कार्य किया जा रहा है। इस पर तत्काल संज्ञानलेकर कड़ी कारवाई की जाए उस ठग द्वारा बेरोजगार युवाओं से पैसा लिया गया है उसे तत्काल वापस कराया जाए। व इस मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए निष्पक्ष जांच कर कठोर कारवाई करें।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा में बेचैनी : विनोद चंद्राकर



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारतीय जनता पार्टी व विशेष कर असम की सरकार द्वारा रोकने का प्रयास किया जा रहा है, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा पर हमला करने से साफ जाहिर होता है कि भाजपा राहुल गांधी की यात्रा से डरी हुई है श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की असम सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमले करवा रही है। शर्म की बात है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, इस शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर योजनाबद्ध हमले किए गए। उपद्रवियों द्वारा यात्रा के पोस्टरों को फाड़ने की घटनाएं हुई। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रही सफलता और लोगों के व्यापक जनसमर्थन से भाजपा डरी हुई है।राहुल गांधी की यात्रा के दौरान बेरोजगारी, महंगाई को लेकर जो सवाल सामने आ रहे हैं। तथा इन बातों को लेकर लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं। पूरे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल बनता दिख रहा है, जिससे भाजपा में बेचैनी है। मोदी के इशारे पर भाजपा शासित राज्यों में श्री गांधी की यात्रा पर व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण असम में देखने को मिल रहा है। जहां न्याय यात्रा पर हमला एवं राहुल गांधी को एक मंदिर में जाने से रोका गया। श्री चंद्राकर ने कहा कि गोड़से की विचारधारा से प्रेरित लोग जनता और कांग्रेस से डर रहे हैं। इसी घबराहट में ऐसे असंवैधानिक कदम भाजपा की सरकार उठा रही है।श्री चंद्राकर ने कहा कि इस यात्रा को भाजपा हर हालत में बाधित करना चाहती है। क्योंकि वह नहीं चाहती कि दबे-कुचले लोगों को यह पता चल सके कि भाजपा शासन में देश किस कदर सामाजिक, आर्थिक रूप से पिछड़ गया है। रोजगार के मुद्दे पर भाजपा सरकार बात करने से कतराती है। राहुल गांधी आम लोगों को यही बताने के लिए यात्रा पर निकले हैं, जिसे भाजपा हर हाल में बाधित करना चाहती है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि जातिवाद, धर्म के नाम पर वोट मांगने के लिए भाजपा ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई है। देश के सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में बेचा, तथा देश में केवल बेरोजगारी दर बढ़ा। मोदी के 10 सालों का हिसाब जनता आगामाी लोकसभा चुनाव में करेगी।

### 25 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान

**कांकेर, 24 जनवरी ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी से 29 फरवरी तक राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जिले के हितग्राही 25 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि इसके लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण होना चाहिए। अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी नियुक्त हैं, उन्हें उपरोक्त प्रावधान से छूट होगी। उन्होंने बताया कि विभाग की वेबसाईट ीजजचेरू/धीकलंण्बहण्दपबण्पद में उपलब्ध राशनकार्ड नवीनीकरण एप को अपने एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड करना होगा, साथ ही विभाग के एप के जरिए वर्तमान राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करके आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान संचालक के टैबलेट मोबाईल में इंस्टाल विभागीय एप्प के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशनकार्ड नंबर तथा मोबाईल नंबर दर्ज कराकर भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।यह भी बताया गया कि नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जावेगा। सामान्य (एपीएल) कार्ड हेतु 10 रूपये की राशि निर्धारित है। नया राशन कार्ड प्राप्त करते समय वर्तमान में हितग्राही के पास उपलब्ध पुराना राशनकार्ड समर्पित किया जाएगा। राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों के ई-केवायसी तथा मोबाइल नंबर दर्ज कराने का कार्य 29 फरवरी 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 6 फरवरी तक

**कांकेर, 24 जनवरी ।** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आगामी 06 फरवरी तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत इच्छुक एवं पात्र आवेदक वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती की प्रक्रिया तीन चरणों संपन्न होगी, जिसमें ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण सम्मिलित है। इसके लिए आवेदक को वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य-//ड्डद्दठ्ठद्बश्ऩ्ड्डह्म्4ड्ड.ष्ड्ढ.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, शारीरिक मापदण्ड के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि आवेदक की आयु 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के बीच जन्म तथा चयन की स्थिति में आयु 21 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उक्त पदों पर भर्ती के लिए केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष ही पात्र होंगे। आवेदकों की ऑनलाईन परीक्षा 17 मार्च 2024 से आयोजित होगी।

## एक नजर

### कामधेनु पेंट्स अपने चैनल पार्टनर्स को थाईलैंड की ड्रीम ट्रिप पर ले गया

**रायपुर,24 जनवरी।** कामधेनु समूह का एक ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाले पेंट और इमल्शन के अग्रणी निर्माता, कामधेनु पेंट्स ने अपने महत्वपूर्ण चैनल पार्टनरों के लिए थाईलैंड के समुद्र तटीय शहर 'हुआ हिन' के लिए एक अविस्मरणीय प्रोत्साहन पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया। इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया, जिससे यह जीवन भर की यादगार यात्रा बन गई। यह कार्यक्रम उच्च प्रदर्शन करने वाले चैनल भागीदारों को सम्मानित करने और उनके परिवारों के साथ जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया था।

### ट्रेड फ्री प्रो प्लान लॉन्च

**रायपुर, 24 जनवरी।** कोटक सिक्योरिटीज ने अपने कोटक निओ और कोटक स्टॉक ट्रेडर प्लेटफॉर्म पर व्यापारियों के लिए ट्रेड फ्री प्रो प्लान लॉन्च किया है। यह फीचर-पैक सब्सक्रिप्शन-आधारित प्लान 9.75 फीसदी सालाना पर पे लेटर, जिसे मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी भी कहा जाता है, प्रदान करता है। यूजर्स 1000 से ज्यादा स्टॉक ट्रेड कर सकते हैं और अपनी क्रय शक्ति को 4 गुना तक बढ़ा सकते हैं। पे लैटर (बाद में भुगतान) सुविधा की अन्य मुख्य विशेषताओं में अनलिमिटेड होल्डिंग अवधि, पोजिशन बनाने और एमटीएफ रिसर्च अनुसंधान सिफारिशें पाने के लिए नकदी के बजाय कोलैटरल के रूप में किसी के शेयरों और ईटीएफ का उपयोग करने की क्षमता है।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस राजस्थान में अंजनी ने जीता कांस्य पदक

**महासमुंद 24 जनवरी ।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस (पुरूष-महिला) टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल गवर्नमेंट ऑफ राजस्थान के द्वारा महाराणा प्रताप खेलगांव स्टेडियम उदयपुर राजस्थान में 23 से 28 सितंबर तक आयोजित किया गया।

जिसमें महासमुंद जिले से अंजली बरमाल सहायक क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग, अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक, स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, शोभा दीवान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर ने प्रदेश की टीम से भागीदारी किया। अंजनी साहू व मुक्ता की जोड़ी ने डबल्स में अपने प्रारंभिक मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मैच हारकर तीसरे स्थान के लिए मैच खेला जिसमें मैच जीतकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रही।

## प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुई विधायक

# राम लला के विग्रह का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव अलौकिक: गोमती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 24 जनवरी।** सागर से सरयु तक देश को एक सूत्र मे बांधने वाले भगवान राम के विराजमान होने का उत्सव बेहद अलौकिक था,यह उन लाखो लोगो की मेहनत त्याग और तपस्या का परिणाम है,जिन्होने कारसेवक के रूप मे राम मंदिर स्थापित करने मे अपनी भूमिका निभायी थी,यह बातें पत्थलगांव विधानसभा की विधायक श्रीमती गोमती साय ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम मे सम्मिलित होने के दौरान सैकडो लोगो के बीच मे कही। दिन सोमवार को पूरा शहर राम भक्ति मे डूबा हुआ था,जगह-जगह डी.जे की धुन पर युवक नाच गा रहे थे,धार्मिक स्थलो मे सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी था,विधायक गोमती साय का शहर आगमन के पश्चात सर्वप्रथम वे मंडी स्थित महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण करने वहा पहुंची,जहा संचालक परिवार की ओर से उनका स्वागत किया गया,जिसके पश्चात विधायक गोमती साय ने आम लोगो की भांति सबके साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उसके पश्चात वे यहा के नवनिर्मित श्याम मंदिर मे चल रहे सुंदरकांड के पाठ मे सम्मिलित होने पहुंची,वहा उन्होने महिलाओ के साथ बैठकर सुंदरकांड की चौपाई दोहरायी। यहा भी विधायक गोमती साय का श्याम सेवा समिती की ओर से





स्वागत सत्कार किया गया। विधायक गोमती साय ने भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगो के बीच संदेश पहुंचाया। उनका कहना था कि राम मंदिर का निर्माण होना भारतीय समाज की शांति,धैर्य और आपसी सदभाव का प्रतीक है। भगवान राम भारत के लोगो के रोम रोम बसे हुये है,यही कारण है कि राम भारत की आस्था के रूप मे पूरे संसार मे पूजे जाते है। विधायक गोमती साय ने शहर के भितर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चल रहे अन्य धार्मिक आयोजनो मे भी भाग लिया,जहा उन्होने कहा कि अब भारतवासियों के लिए सदियों का इंतजार खत्म हो चुका है। दैविय आत्मायें हमें आर्शीवाद देने आ चुकी है।।

**आकर्षक नृत्य ने मन मोहा-**:श्याम मंदिर परिसर मे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। महिलाओ द्वारा सुंदरकांड का पाठ के पश्चात विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न कराये गये। इस बीच भगवान राम के प्रति अपनी आस्था प्रगट करते हुये मधु गोयल परिवार की महिलाओ ने प्रसिद्ध गायन राम आयेंगे तो अंगना सजायेंगे के बोल पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी,इस नृत्य की प्रस्तुति के बाद पूरा श्याम मंदिर परिसर राम मय हो गया। गोयल परिवार की महिलाओ के अलावा अन्य उपस्थित लोगो ने भी इस गीत पर जमकर अपने पांव थिरकाये।

# गणतंत्र दिवस के पूर्व मिनी स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल

**महासमुंद 24 जनवरी ।** गणतंत दिवस के लिए आज कलेक्टर श्री प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुकरेजा की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पूर्वाभ्यास में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी। रिहर्सल स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू मंच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे।

मिनी स्टेडियम में रिहर्सल सुबह 9.00 बजे शुरू हुई। आज फुल ड्रेस रिहर्सल में 6 स्कूलों द्वारा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दिया गया। आज उनकी भी अंतिम रिहर्सल की गई। समारोह का मुख्य आकर्षण 12 स्कूलों के लगभग 900 बच्चों द्वारा एरोबिक्स जुंबा पीटी प्रदर्शन



होगा। इसके अलावा 14 विभागों की झांकी निकाली जाएगी। शहीद के परिजनों का सम्मान व उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव, अनुविभागीय अधिकारी श्री उमेश साहू एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे ।जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे जिले में 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर ज़िला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9:00 बजे शुरू होगा। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक श्री कुकरेजा ने यहां सभी तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### ऐतिहासिक उपलब्धि

**रायपुर,24 जनवरी।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की है कि उसने 2 करोड़ क्रेडिट कार्ड इन फोर्स (सीआईएफ) का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है।

इसके साथ, बैंक देश का पहला और वर्तमान में एकमात्र बैंक बन गया है। जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। एचडीएफसी बैंक ने 2001 में अपना पहला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करके क्रेडिट कार्ड व्यवसाय शुरू किया था। बैंक 2017 में 1 करोड़ सीआईएफ के मील के पत्थर तक पहुंच गया,

यह यात्रा लगभग 16 वर्षों तक चली। एचडीएफसी बैंक ने ठीक 6 साल और 1 महीने में इस सीआईएफ संख्या को दोगुना कर 2 करोड़ कर दिया।

## पालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य का पुलिस पार्टी के समक्ष आत्मसमर्पण



**बीजापुर,24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** जिला बीजापुर में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् जिला बीजापुर द्वारा किये गये प्रयासो के अन्तर्गत 1. भैरमगढ़ एरिया कमेटी के प्लाटून नं. 13 बी सेक्शन कमाण्डर - रोनी पदम उर्फ जैनी पति अनिल पदम उर्फ छोटू उम्र 32वर्ष जाति मुरिया निवासी पालनार पुनेमपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, 2. पालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य- अनिल पदम पिता कोवा उम्र 24 वर्ष जाति गोड़ निवासी पालनार पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर ने आज दिनांक 23.01.2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर नक्सल अभियान श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार के समक्ष माओवादियों की खोखली विचारधारा, भेदभावपूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं समपर्ण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया है ।रोनी पदम उर्फ जैनी माओवादी संगठन में कार्य का विवरणवर्ष 2004 में बाल संगम सदस्या के रूप भर्ती किया गया वर्ष 2005 में सीएनएम सदस्य के रूप में कार्य किया वर्ष 2006 में पालनार जीआरडी सदस्या के रूप में कार्य किया वर्ष 2007 में उसूर एलओएस पीएलजीएस सदस्या रूप में कार्य किया वर्ष 2008 में सीआरबी दलम भेजा गया वर्ष वर्ष 2010 से 2014 तक सीआरबी दलम के प्लाटून नं.22 में पीपीएम का पद एवं प्लाटून नं. 22 बी सेक्सन के कमाण्डर के रूप में कार्य किया ।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की थीम पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय बालिका दिवस



**बीजापुर,24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।।** राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से 24 जनवरी को व्यापक रूप से मनाने की तैयारी विभाग द्वारा की गई है इसी के परिप्रेक्ष्य में थीम के अनुसार आज विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली, चित्रकला इत्यादि का प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसमें जिले के बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के संरक्षण और उनके अधिकारों के प्रति लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सशक्त और मजबूत करने की दिशा में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली अन्तर्गत होगा राशनकार्डों का नवीनीकरण

**बीजापुर,24 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** शासन के निर्देशानुसार सभी राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाना है जिसके लिए आवेदन करने की तिथि 25 जनवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है वहीं नवीनीकरण पश्चात हितग्राहियों को 01 फरवरी से 29 फरवरी तक राशन कार्ड वितरण किया जाएगा। हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु आवेदनों की प्राप्ति हेतु खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प (khadya.cg.nic.in) से की जाएगी यह एप्प हितग्राहियों द्वारा मोबाइल अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एन्ड्रायड मोबाइल, पंचायत सचिव के द्वारा डाऊनलोड कर इसके जरिए आवेदन प्रस्तुत की जा सकेगी। दुकान संचालक के माध्यम से आनलाइन अथवा आफलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

# यातायात विभाग ने महेश्वर,इजराइल को विदाई दी,अयजकांत का स्वागत किया



**कवर्धा, 24 जनवरी।** 23 जनवरी को यातायात विभाग के अधिकारी महेश्वर सिंह तथा सउनि इजराइल खान का विभागीय ट्रांसफर हुआ था जिसमें यातायात के द्वारा उनको भावभीनी विदाई का कार्यक्रम रखा गया था तथा साथ ही नए प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी सर का वेलकम पार्टी कार्यक्रम भी रखा गया था यातायात के विभाग के द्वारा सकुशल ढंग से संचालन कर बेहतरीन ढंग से मनाया गया तथा यातायात शाखा कवर्धा के सउनी विक्रांत गुप्ता सउनि कृष्ण कुमार चंद्रवंशी प्र आ राजेश गौतम प्र आ वैभव कलचुरी प्र आ पियूष मिश्रा प्र आ महेंद्र चंद्रवंशी प्र आ दीपक कुंभकार अमित मांडवी प्र आ कमलेश कुशवाहा प्र आ गोपाल राजपूत तथा समस्त यातायात के समस्त स्टाफ वहां पर कार्यक्रम में शामिल हुए उनके द्वारा विदाई वेलकम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया तथा पूरे साल भर के उनके साथ की जो बातें हैं वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अपने कार्य का अनुभव अपने ड्यूटी का एवं कार्य का अनुभव उनके द्वारा बताया गया अपने कार्य क्षमता एवं अनुभव सभी के साथ साझा किया गया साथ ही सभी को क्या करना चाहिए ट्रैफिक में रहकर जिससे कवर्धा ट्रैफिक को और आसान तथा लोगों में जागरूकता फैले उनके द्वारा बताया गया साथ में नए प्रभारी द्वारा यातायात जागरूकता को बढ़ाया जाए इससे यातायात और अच्छे ढंग से सुचारू रूप से चल सके तथा उनके द्वारा सभी को खूब मेहनत करने तथा अपने काम को अच्छे से करने की सलाह एवं मार्गदर्शन दिया गया ।

# टूल्स मेकेनिक की दुकान में आग लगने से लाखो रुपये की मशीनरी जलकर बरबाद

**पत्थलगांव, 24 अगस्त।** टूल्स मेकेनिक की दुकान मे आग लगने से वहा भारी क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है,घटना सोमवार की देर रात लगभग 10 बजे की बतायी जा रही है। जशपुर रोड गुरूकुल महाविद्यालय के सामने सत्यम पावर टूल्स की दुकान मे सोमवार की देर रात अचानक से भयंकर आग लग गयी,आग इतनी भयंकर थी कि दुकान के अंदर रखी कीमती 25 से भी अधिक मशीने पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। पीडित संचालक के अनुसार आग मे लगभग 10 से 15 लाख रूपये का नुकसान होना बताया जा रहा है,पीडित ने नगर पंचायत की अग्निशामक वाहन के नियंत्रण पर भी आरोप लगाया है। पीडित दुकान संचालक रामनिवास



कुमावत बताया कि देर रात अपनी दुकान मे आग लगने की खबर मिलते ही उन्होने सबसे पहले नगर पंचायत की दमकल वाहन को खबर करी थी,परंतु दमकल वाहन खबर करने के एक से डेढ घंटे बाद पहुंची,जब तक दुकान संचालक एवं मौहल्ले वालो की मदद से आग पर बहुत हद तक काबू पा लिया गया था,परंतु उसके बाद भी दुकान के अंदर रखा कीमती सामान कुछ भी बाकी नही बच पाया। दुकान संचालक इस घटना के बाद से काफी सदमे मे है,आग लगने का कारण शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है।

# शिवम हत्याकांड के सभी आरोपी पकड़ाए



**भिलाई, 24 जनवरी।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र शारदा पारा कैंप-दो में रविवार रात को एक 17 वर्षीय किशोर शिवम साव की हत्याकांड में शामिल सभी पांच आरोपितों को ने पुलिस गिरफ्तार कर लिया है हत्याकांड में फाइल फोटो एक नाबालिग भी शामिल था जिसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है वहीं चारों बालिग आरोपितों को जेल भेजा गया है पुलिस ने आरोपितों के पास से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार को भी जब्त किया है छावनी टीआई सोनल ग्वाला ने बताया कि 21 जनवरी की रात को शारदा पारा कैंप-दो में गाड़ी बैक करने को लेकर हुए विवाद में शिवम साव नाम के एक किशोर की हत्या कर दी गई थी शिवम साव के चाचा संतोष साव की टेंट हाउस की दुकान है रात में मालवाहक टाटा एस से सामान खाली करते समय हुए विवाद के बाद शिवम की हत्या हो गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में आरोपित अंकेश चौहान उर्फ बाबू (19), चंद्रेश प्रधान उर्फ छोटे (19), राहुल कुमार प्रजापति उर्फ भोला (21), सुमित चौहान (19) और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया सभी आरोपित संतोषी पारा कैंप-दो के रहने वाले हैं आरोपितों ने हत्या करने की बात स्वीकार की है आरोपितों ने ये भी बताया कि शुरुआत में दो बार विवाद होने के बाद वे लोग वहां से भाग गए थे लेकिन, रात में वे लोग मौके की तलाश में लगातार चक्कर लगा रहे थे कि परिवार का कोई भी सदस्य अकेला मिलेगा तो वे लोग उसे जान से मार देंगे। रात में उन्हें शिवम साव अकेला घूमता मिल गया। आरोपितों ने घेरकर उसकी हत्या कर दी पुलिस ने बताया कि आरोपित राहुल प्रजापति उर्फ भोला और अपचारी बालक का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है वे लोग कुछ महीने पहले हत्या का प्रयास के अपराध में गिरफ्तार किए गए।

# योगिता हत्या मामले में पति गिरफ्तार





भिलाई, 24 जनवरी। भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र रामनगर निवासी योगिता साहू खुदकुशी मामले में शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट व गला घोंटने से मौत होने का कारण सामने आया है। वैशाली नगर पुलिस ने इस मामले में धारा 304बी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि योगिता साहू पति विजय साहू (32 वर्ष ) निवासी रामनगर आटा चक्की के पास ने 14 जनवरी की शाम 5.30 बजे घर के कमरे में फांसी पर झूलकर मौत हो गई थी। इसके बाद पंचनामा कार्यपालिका दंडाधिकारी भिलाईनगर गुरुदत्त पंचभये ने की। इस मामले में वैशाली नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना की। मृतका के शार्ट पीएम रिपोर्ट में सिर पर चोट आने व गला घोंटने से मौत होने का कारण आया। इसके बाद वैशाली नगर पुलिस ने आरोपी पति विजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है

**वर्ष 2019 फरवरी माह में हुई थी शादी-** वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि 13 फरवरी 2019 को रामनगर आटा चक्की के पास रहने वाले विजय साहू के साथ योगिता की शादी हुई थी। शादी के बाद से योगिता अपने घर पर रह रही थी। किंतु पति विजय दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। अपने घर से सोना-चांदी के जेवर व गाड़ी लाओ करके मांग करता था

# कुपोषण से मुक्ति के लिए चलेगा पोषण कार्यक्रम

**महासमुंद 24 जनवरी ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत श्री एस. आलोक आज यहाँ ज़िला पंचायत परिसर से कुपोषण मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके ज़रिए गाँव-गाँव घर-घर से कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी, इन चिन्हित लोगों की उनके निकटतम आँगनबाड़ी पर जाँच की जाएगी और फिर अंततः कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं का बेहतर उपचार कर ख़ानपान से कुपोषण दूर किया जाएगा। महासमुंद को कुपोषण मुक्त करने का पूरा प्रयास हो रहा है। इसमें सफलता भी मिल रही है।

सीईओ श्री एस. आलोक ने कहा कि कुपोषण मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के तहत जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जन आंदोलन, समुदाय आधारित गतिविधि एवं संबंधित विभागों के अंतर समन्वय से तय समय सीमा के अंदर माता व बच्चों को कुपोषण में प्रतिवर्ष कमी लाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के 50 चिन्हित स्थान जहां कुपोषण अधिक है, वहां लोगो को जागरूक किया जाएगा। कुपोषण लोगों को पहचान कर उन्हें पोषित किया जाएगा। कुपोषण मुक्ति हेतु नुक्कड़ नाटक आदि



कार्यक्रम के लोगों को जागरूक किया जाएगा। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकसित श्री समीर पांडे ने बताया कि कुपोषण मुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य ज़िले में कुपोषण को खत्म करना है। पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान के तहत संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को सूचीबद्ध रूप से संचालित की जाएगी स्वयं सेवियों के माध्यम से एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन की सहभागिता से गांव गांव तक पहुंच कर लोगां को कुपोषण के लिए जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। आगामी समय में स्वयं सेवी, तुंहर द्वार के माध्यम से कार्यक्रम को वृहद रूप दिया जाएगा। जिससे स्वस्थ महासमुंद की परिकल्पना सार्थक हो पाएगी। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी शामिल रहे। यूनिसेफ जिला सलाहकार श्री ऋषभ तिवारी ने बताया कि स्वयंसेवियों के माध्यम से हम किस प्रकार से जिले को कुपोषण मुक्त बना सकते है। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र से बृजेश सिंह, निलेश तिवारी, जिला पोषण समन्वयक रिया दत्ता उपस्थित थी।

## मंदिर ट्रस्ट ने मनाया दीपोत्सव



**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** अयोध्या में जन जन के अराध्य भगवान श्री रामचन्द्र की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की अराध्य मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार में 14 जनवरी को भगवान श्रीरामचन्द्र की झांकी निकाल कर 15 जनवरी से 22 जनवरी तक नीचे मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा रामलीला व रासलीला का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को रामलीला के अंतिम दिन प्रभु श्रीराम के राजतिलक का मनमोहक मंचन किया गया। साथ ही अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान के साथ साथ श्री राम रक्षा स्तोत्र तथा बाल कांड का पाठ कर दिन भर भजन कीर्तन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात संध्या के समय ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी मंदिरों विशेष रूप से ऊपर की सभी सीढ़ियों में 11 हजार और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में 5 हजार दीप जलाकर श्रीरामजी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया गया।

### 22 जनवरी को मज़ार में भी जले दीपक:दुर्गेश साहू

अयोध्या मे श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का हर्षोल्लास मनाया गया वही डोंगरगढ़ के बुधवारी पारा वॉर्ड नंबर 14 में स्थित (हजरत बाबा कादिर वली ) मजार में 22 जनवरी को मज़ार के आंगन मे रंगोली डालकर एवं दीप जलाकर पूरे हर्षोउल्लास के साथ दीपावली मनाई गयी एक दिन पहले 21 जनवरी को भाजयुमो प्रदेश कार्य करणी सदस्य दुर्गेश साहू जी ने मजार के ख़ादिम जीवन बाबा से बातचीत के दौरान आग्रह किया की 22 जनवरी को दीप जला कर रंगोली बना कर और सोज सजावट के साथ दीपावली की तरह इस दिन हर्षो उल्लास के साथ मनाये तथा मज़ार के संचालक ने दुर्गेश साहू जी को कहा की ÷प्रभु श्री राम हमारे भी भगवान इस लिए हम सभी श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा मे हर्ष के साथ मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे प्रभु श्री राम जी का मंदिर बनना पूरे देश के लोगो के लिए खुशी का विषय है।





**तिल्दा नेवरा 24 जनवरी।** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला स्मेलन तिल्दा नेवरा के द्वारा गांधी चौक नेवरा में श्री राम की झांकी के साथ साथ स्कूल के बच्चों द्वारा आयोजित संस्कृति कार्यकर्म किया इस अवसर अग्रवाल समाज नेवरा की महिलाओ के द्वारा श्री राम की झांकी का आयोजन जोरदार रहा साथ ही समाज की ओर से राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झांकी बनाई गई और स्कूल के बच्चे भी बडी संख्या में राम लक्ष्मण बन कर पहुंचे सामूहिक आरती का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# 10 हजार दीपकों से जगमग हुआ ऐतिहासिक स्थल तुरतुरिया धाम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,24 जनवरी।** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा जिला राममय हो गया। इस एतिहासिक दिन का साक्षी बना श्री राम वन गमन परिपथ में शामिल लव कुश की जन्म स्थली तुरतुरिया धाम। जहा पर शाम होते ही 10 हजार श्री राम ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए। जिससे पूरा तुरतुरिया धाम जगमग हो गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था। जिसे विशेष दीपोत्सव का नाम दिया गया था। शाम होते ही दीप जलाने के लिए आसपास के ग्रामीण एवं श्रध्दालुओं बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। वाल्मिकी आश्रम से लेकर बालमदेही नदी एवं मातागढ़ तक दीपक जलाए गए। इसके साथ ही प्रवेश द्वार, आईसीटी सेंटर, पार्किंग स्थल, गार्डन एवं अन्य स्थलों में दीपक सहित रंगबिरंगी लाईटों से पूरे स्थल को रोशनी से सजाया गया था। इस मौके पर लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई ग्रामीणों ने तो घर से ही दीपक सजाकर आये थे। इस अवसर को और विशेष बनाने जनसंपर्क विभाग द्वारा कला जत्था के माध्यम से श्री राम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही आने वाले श्रध्दालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण,बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक श्री कुदेरिया,वन विभाग एसडीओ अनिल वर्मा,गोविंद सिंह,जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण सहित आसपास के ग्रामीण एवं अनेक श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग विशेष सहयोग रहा।

## राममय हुआ ग्रामीण अंचल

**डोगरगढ़ 24 जनवरी।**अयोध्या में श्री राम लला के प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ग्रामीण अंचल के ग्राम अछोली नागतराई हरानसिंघी ,करवारी आदि गांव में सुबह से ही विविध धार्मिक आयोजन होते रहे, जहां ग्राम अछोली में श्री शारदा मानस मंच एवं समस्त ग्राम वासियो के द्वारा 21 जनवरी को ज्योति कलश यात्रा एवं 22 जनवरी को पुराना अछोली के गोकुल गोतन में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया, वही नया अछोली में केशरवानी समाज के द्वारा दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण एवं सीता के वनवास पश्चात घर वापसी का मनमोहक शोभायात्रा निकाला गया जिसमें दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण सीता एवं हर्ष यादव हनुमान तथा मोहित वर्मा ने जामवंत बनाकर ढोल बाजे के साथ पैदल शोभायात्रा निकाला इस दौरान भक्तों ने उन पर फूल वर्षा करते जय श्री राम के नारे, शिव मंदिर में पहुंचने के पश्चात ग्रामीणों द्वारा उनका अगवाई करते हुए विधिवत रूप से घर वापसी का पूजा अर्चना कर आरती उतारा गया , वही ग्राम नागतराई, अंजनी सूत



हनुमान भक्त समिति, के द्वारा पूरे गांव को भगवा रंग के झंडे एवं केले के पत्ते से सजाकर गांव में भक्ति में वातावरण बना दिया गया वहीं ज्योति कलश शोभायात्रा के पश्चात ग्राम सरपंच श्रीमती छतरी वर्मा एवं ग्राम वासियों के सहयोग से विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया जो देर रात तक चलता रहा वहीं ग्राम हरनसिंघी में कलश यात्रा के साथ विशाल भजन भंडारा का आयोजन किया गया इस दौरान गांव में लोग अपने घरों के आंगन को सजाकर रंगोली डालते नजर आए ग्राम करवारी के मंदिरों में सुबह से ही भगवान राम की पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा सुंदरकांड आदि की गायन किया गया।

# धर्म नगरी में सोल्लास मनाया गया रामोत्सव



■ आरू साहू के भजन पर झूमे राम के भक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोगरगढ़ 24 जनवरी।** मां बमलेश्वरी की पावन धरा पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री हनुमान भक्त युवा समिति के द्वारा तीन दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ जिसमें भव्य बाइक रैली रामभक्तो द्वारा जय स्तम्भ चौक से नगर भ्रमण कर महावीर मंदिर में समापन किया गया।

समिति के आयोजनकर्ता हनी गुप्ता ने बताया छत्तीसगढी लोक गायिका ओजस्वी आरू साहू के राम भजन में झूम उठे राम भक्त सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया छोटे बच्चों के द्वारा राम लक्ष्मण जानकी हनुमान के स्वरूप में उपस्थित रहे व बच्चो द्वारा संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी जिसमें बड़ी संख्या में शहर वासी व ग्रामवासी एकजुट हुए व कार्यक्रम का आनंद लिया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोरियोग्राफर कामिनी शर्मा द्वारा बच्चो साथ की प्रस्तुति रही व यूनिक डांसर जोन कोरियोग्राफर रोशन यादव ऋतु सिंह के द्वारा बच्चो ने स्टेज परफॉमेंस दिया ततपश्चात लोक प्रिय गायिका आरू साहू ने राम भक्तो को राम रस में पूरी तरह डुबो दिया सारे राम भक्त राममय वातवरण में रम गये आरू व सिंगर दुर्गेश देवांगन ने देर रात्रि तक नगर वासियों को जोड़े रखा। प्रसिध्द बासुरी वादक ओपी देवांगन ने अरपा पैरी के धार राजकीय गीत से सब का मन मोह लिया प्रस्तुति।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सुबह महावीर मंदिर प्रांगण में स्क्ष्ष्ठ स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया दोपहर 12 बजे से राम हनुमान जी की विशेष पूजन किया गया व संध्या 7 बजे महावीर मंदिर के घाट पर पंडित आशीष शुक्ला व पं.अमर तिवारी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रामलल्ला,गंगा आरती की गई समस्त नगरवासी भाव विभोर राममय होकर आनंद के पल के साक्षी बने प्रांगण में राम सीता जी की विशेष रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रही जिसे नगर की ईशिता नागतोडे व अनुजा काले के द्वारा बनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह,श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़,पूर्व विधायक विनोद खांडेकर,न.पा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम,विश्वनाथ यादव, प्रकाश यादव,सुनील जैन,हरविंदर सिंह मंगे,तुलसी दास,गोपाल खेमका,प्रकाश चौरड़िया, मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल अमित जैन, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा,विवेक गुप्ता,नरायण अग्रवाल,संजय अग्रवाल,आलोक सोनी,नीरज चौरड़िया,नितिन शर्मा,रूबल,प्रिंस कक्कड़,अखिलेश गढ़ेवाल,सुमित मिश्रा,निशांत शर्मा,शिव निषाद,नवनीत तापड़िया,अक्षय चौरड़िया,हिमाशु गुप्ता,प्रशांत गभने,मोहित तराने,अविनाश पोद्दार,मनीष सोनी,तुसार अग्रवाल,कमल किशोर शर्मा,रजत देशपांडे,गोलू चौधरी,शुभम नामदेव व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग किया व समिति द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगीयो का आभार व्यक्त किया गया

## गूँज उठा अंचल श्रीराम के जयकारों से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 24 जनवरी।** गत 22जनवरी को जहां अयोध्या मन्दिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी , वहीं ग्रामीण अंचल के हर मन्दिर में लोगों की भीड़ लगी रही,गांव में त्यौहार मनाकर ,मन्दिरों में पूजा अर्चना कर,अपने घरों में दीप जलाकर फटाके फोड़े ,इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी में भी निषाद समाज के द्वारा श्री राम भक्त गुहा निषाद राज की जयंती को समारोह पूर्वक मनाया स्थानीय राम मंदिर से भगवान राम की शोभा यात्रा में ग्राम की महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर ग्राम भृमण किया। वहीं समाज के युवाओं ने डीजे बाजे गाजे के सांथ फटाके फोड़कर अपनी खुशिया व्यक्त की। स्थानीय बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में आरएसएस के युवाओं ने पूजा अर्चना के बाद ,खीर पूड़ी का वितरण कर, माहौल को जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे से भक्ति मय बना दिया। स्थानीय बाजार चौक में निषाद समाज परिक्षेत्र खुज्जी के द्वारा भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्त राज गुहा की जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि के तौर पर खुज्जी परीक्षेत्र से अध्यक्ष गौतरिया निषाद ने मंच के माध्यम से सामाजिक जनो को शिक्षा के प्रति जागरूक किया वहीं ,भक्त गुहा निषाद के प्रेरक प्रसंग को रखते हुए कहा कि जब जब राम रामायण की चर्चा होती है ,तब तब भक्त गुहा निषाद की चर्चा होती है ,आपका समाज रामायण का एक अहम हिस्सा है, जिससे प्रेरणा लेकर समाज को ,आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि के टेक राम निषाद,हिंसा निषाद,श्रवण निषाद,विदेश निषाद, दिनेश निषाद,गरीबा निषाद,सुख सागर ,हीरा लाल निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।उक्त आयोजन में पोटिया डीह धमतरी की मानस मण्डली के द्वारा मानस प्रस्तुति ने माहौल को राम मय बना दिया ,कार्यक्रम को सफल।बनाने में,मुरली निषाद,दुर्गा निषाद पेमुल निषाद,फूल सिंग निषाद,बलराम,रामाधार,राज कुमार निषाद,प्रद्युम्न निषाद,हरीश साबला, खोर बाहरा निषाद सहित,समाजिक जनो का सराहनीय योगदान रहा, मंचीय कार्यक्रम का संचालन विमल जैन,व संदीप यादव ने किया आभार प्रदर्शन सेवा निवृत्त प्रधान पाठक खोर बाहरा निषाद ने किया।



## नगर में दो दिवसीय राम महोत्सव का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित

**डोंगरगढ़ 24 जनवरी।** सेवा परमो धर्म के स्वरूप को चरितार्थ करते हुए सेवा बस्ती (अटल आवास) वार्ड नंबर 20 भुर्वाटोला में भव्य श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर स्थानीय निवासियों एवं पाठदान केंद्र के भैया बहनों द्वारा दो दिवसीय राम महोत्सव का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ । प्रांत की योजना से चलने वाले इस कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करने के लिए 5 जनवरी से 22 जनवरी तक शीतला मंदिर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली गई । सेवा बस्ती एवं पाठदान केंद्र की संयोजिका बहन अनुराधा शर्मा एवं अन्य सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया । समापन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार के रूप में प्रतीक चिन्ह मेडल एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण मुख्य अतिथि विश्वनाथ यादव नगर संघ चालक आर.एस.एस एवं उमा



महेश वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष, अध्यक्षता अनिल पांडेय खंडसंयोजक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं विशिष्ट अतिथि जागेश्वर निषाद, अनिल श्रीवास्तव, गणेश वर्मा, वार्ड के सुधीर मरकाम, श्रेया रानी एवं ऋषि मिश्रा ने किया । कार्यक्रम का संचालन कुमारी चंचल यादव (पाठदान शिक्षिका) एवं श्रीमति रानी मरकाम ने किया । साथ ही अंचल राजपूत ने विशेष रूप से डेकोरेशन पर सहयोग दिया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के सह सेवा प्रमुख अनिल श्रीवास्तव जी पूरे समय उपस्थित रहे । कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करते हुए महाआरती तथा प्रसादी वितरण के कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया ।

## राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर सुनील माहेश्वरी के निवास पर राम भजन का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापार 24 जनवरी।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने अपने भाटापारा निवास में राम भजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश अग्रवाल बसंत भृगु आलोक मिश्रा अमर मांडवी राजकुमार शर्मा आदि सहित आम नागरिकों ने उत्साह और आस्था के साथ शामिल हुए। माहेश्वरी ने कहा कि राम हमारे लिए आस्था का प्रतीक है। हम सभी चाहते हैं कि हमारा जीवन,हमारे आसपास की प्रकृति, हमारे आसपास का वातावरण राम राज्य के समान हो। जहां नारी का सम्मान हो, आम जनता को प्रश्न करने का अधिकार हो, लोगो को न्याय मिल सके, राजा ऐसा हो की प्राण जाए पर वचन न जाए से संकल्पित हो।

माहेश्वरी ने अंत में कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी का प्रथम प्रयास रहा जिसके तहत न केवल मंदिर का दरवाजा खुला बल्कि रामलाल की पूजा



आरती प्रारंभ हुई। हमारी कांग्रेस पार्टी ने सदैव न्यायालय के आदेशों का सम्मान किया है और इस और सदैव कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के संबंध में यही कहा की जो कोर्ट का आदेश होगा वह मान्य होगा। एक हिंदू होने के नाते मैं सुप्रीम कोर्ट का आभार मानता हूं जिसने हिंदुओ के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उनके गौरव और सम्मान को अयोध्या में वापस दिलाया। हम भारत के संविधान का सम्मान करते हुए सभी से अपेक्षा करते हैं कि राष्ट्र के निर्माण में सभी जाति धर्म के लोगएकता और सदभावना के साथ रहे। अपने धर्म को मानते हुए दूसरे के धर्म के प्रति सम्मान का भाव रखें। यदि कोई नफरत का बीज भी बोने की कोशिश करे तो, हम मोहब्बत की दुकान खोलने का प्रयास करे। भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति श्री राम संदेश मानस मंडली देवरी ललित साहू और भाटापारा के आयुष तिवारी ने आकर्षक प्रस्तुति की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नानू सोनी , धनजी जोशी, प्रशांत गांधी ,दीपक निर्मलकर, अयूब खान, राजेंद्र वर्मा, रवि ध्रुव,राजकुमार घृतलाहरे, मनहरण वर्मा चंद्रकुमार साहू बृजमोहन वर्मा,विनोद सोनवानी, सतीस गेंदरे,भूपेंद्र जांगड़े,संतराम यदु,शनि साहू मनोज चेलक,मनहरन साहू ,नंद साहू,धीराजी ,कुमारी जांगड़े, हेमिन ध्रुव,निर्मला कोशाले,सीमा रात्रे ,ज्योति रात्रे आदि लोग उपस्थित थे।

### तरुण शुक्ला लगातार तीसरी बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स् के तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**डोंगरगांव 24 जनवरी।** समीपवर्ती ग्राम लाटमेटा नवाटोला निवासी एवं छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो ऐसोसिएशन के महासचिव, व अंतराष्ट्रीय खो खो निर्णायक श्री तरुण कुमार शुक्ला को खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने लगातार तीसरी बार खेलों इंडिया यूथ गेम्स् मदुराई तमिलनाडु के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है। मदुराई तमिलनाडु के खेलों इंडिया के अंतर्गत खो खो प्रतियोगिता दिनांक 26जनवरी से30जनवरी2024तक आयोजित किया गया है।उक्त प्रतियोगिता में देशभर के चुनिंदा 08 महिलाओ व 08 पुरुषों की खो खो टीमो के बीच मुकाबला खेला जाएगा। पूर्व में भी तरुण शुक्ला गोवाहाटी, असम, जबलपुर, मध्यप्रदेश, पंचकूला हरियाणा, में आयोजित, खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा पुणे में प्रथम अल्टीमेट खो खो लीग, गोवा में आयोजित 37वी नेशनल गेम्स् सहित अनेक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में तरुण शुक्ला खो खो निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। अपने सटीक व कुशल निर्णय क्षमता से पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन कर चुके हैं। तरुण शुक्ला ग्राम लाटमेटा नवाटोला जैसे एक छोटे से ग्राम से अपने लगन,व मेहनत से इस क्षेत्र का नाम पूरे देश भर में स्थापित किया है।



# प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में राम,लक्ष्मण,सीता और हनुमान की निकली सजीव झांकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 24 जनवरी।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर से लेकर गांवों तक लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। एक ओर पूरे देश में उत्सव का माहोल है वही पूरा भाटापारा शहर भी श्री राममय हो गया है।नेहरू वार्ड स्थित बड़े हनुमान मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य सजीव झांकी के साथ जहा सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे साथ चल रहे थे वही भगवान की जगह जगह आरती उतारकर पुष्प वर्षा से लोग स्वागत कर रहे थे।

22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर में दीपावली सा माहोल है।नगर को सजाने में कही कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।शहर में लगातार धार्मिक आयोजन का सिलसिला अनवरत जारी है। शनिवार को जहा युवाओं ने मोटर सायकल रैली निकाल कर पूरे नगर को एक बार फिर से राममाय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी वही नेहरू वार्ड बड़े हनुमान मंदिर से रोजाना बाजे गाजे के साथ निकल रही प्रभात फेरी ने शहर के वातावरण में चार चांद लगा दिया।शनिवार हनुमान चालीसा पाठ समिति के बैनर तले शुक्रवार की प्रभात फेरी में भगवान श्री राम,माता जानकी,भगवान लक्ष्मन और हनुमान जी के वेश भूषा में नन्हे बच्चों की सजीव झांकी ने लोगो को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रोजाना की तरह बैंड बाजे के साथ बड़े हनुमान मंदिर से निकली प्रभात फेरी सचदेव सायकल,सती मंदिर



,सदर रोड,गोविंद चोक,स्टेशन चोक,आजाद चोक,जय स्तंभ चोक होते हुए राम सप्ताह चोक,मारवाड़ी कुवा,नारायण हाइट्स,सरस्वती शिशु मंदिर, बालाजी इंजीनियरिंग,संजय वार्ड, बढाई पारा,सोनी गली होते हुए वापस हनुमान मंदिर में आकर सम्पन्न हुई।लगभग 4 घंटे की इस प्रभात फेरी का जहा जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ लोगो ने स्वागत किया वही भगवान के वेश भूषा में नन्हे बच्चों की घर घर में आरती उतारकर कर उनका आशीर्वाद लिया।गांवों में लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। गांवों में प्रभात फेरियां निकाली जा रही है। लोग दिए जला रहे हैं। जगह जगह श्री राम भगवान के भजन गाएं जा रहें हैं। शहर में चारों ओर उत्साह और खुशहाली है। ऐसा लग रहा है, जैसे हमारा हमारा भाटापारा अयोध्या हो गया है। कहीं दिया खरीदते लोग, तो कहीं प्रभात फेरी, कहीं मंदिर एवं देवालयों में घंटियों एवं प्रार्थना की मंगल ध्वनि सुनाई दे रही है। घरों में झालर लगाए जा रहे है।22 जनवरी को लेकर एक अलग ही माहोल पूरे शहर में देखने को मिल रहा है जिसमे बच्चों के साथ बड़े-बुजुर्ग ,महिलाए सभी इस उत्सव में शामिल हो रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202311210100003
अ/21 वर्ष 2023-2024
ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम कुमार ध्रुव पिता भवानी राम ध्रुव जाति गोड निवासी ग्राम बांसबिनौरी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा दशरमा प.ह.नं. 18 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 715/1 रकबा 0.3920 हे. भूमि को अनावेदक. श्री जी.पी. सिंघानिया एग्रोटेक, जी-2, चम्पा भवन, शिवाजी पार्क सड्डू रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा भागीदार 1. मोहन सिंघानिया पिता जी.पी. सिंघानिया, 2. सुभाष अग्रवाल (सिंघानिया) पिता जीबी सिंघानिया दोनों निवासी जी-2 चम्पा भवन, शिवाजी पार्क सड्डू रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) 3. मनीष सिंघानिया पिता प्रकाश चंद सिंघानिया, निवासी बस स्टेण्ड बिलाईगढ तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. को आपसी सौदा मूल्य 12,00,000/- रूपये (अक्षरी बारह लाख रूपये प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, बयाना राशि 50,000/- (अक्षरी पचास हजार रूपये) प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत् छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र बी-1, खसरा पांचसाला, ईकरारनामा, तलवाना सहित संलग्न किया है। माननीय कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार से प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 24/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्‌घोषणा आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बलौदाबाजार

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्रमांक 202401110300001
अ/6 वर्ष 2023-24
ग्राम - नेवरा, प.ह.नं. 18

**// सूचना //**

द्रौपती अग्रवाल, तारादेवी अग्रवाल, कांता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, कविता अग्रवाल पिता रामेश्वरलाल अग्रवाल, संतोष कुमार अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, गिरधर अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल पिता बद्रीप्रसाद अग्रवाल निवासी-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा उपरोक्त वर्णित वारिसानों को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश कुमार अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल पिता रामेश्वर लाल अग्रवाल निवासी नेवरा द्वारा ग्राम नेवरा, प.ह.नं. 18 रा. नि.मं.- तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खातेदार रामेश्वर लाल अग्रवाल वो बद्रीप्रसाद पिता जमुनालाल के नाम से दर्ज भूमि शीट नंबर 03 भू-खण्ड क्रमांक 34 रकबा 2610 वर्गफीट से मृतक खातेदारों का नाम विलोपित कर आवेदकगणों के नाम से दर्ज किए जाने आवेदन पत्र पेश किए है।

इस संबंध मृतक खातेदार रामेश्वर लाल अग्रवाल वो बद्रीप्रसाद पिता जमुनालाल के उपरोक्त वारिसानों या अन्य किसी को किसी प्रकार कोई दावा/आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि 09.02.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है तिथि उपरांत प्रकरण में विधिवत् नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 23.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

## एक नजर

### तेंदूपत्ता का सौदा कर 87 लाख की ठगी

**रायपुर, 24 जनवरी।** एकात्म परिसर रजबंधा मैदान में तेंदुपत्ता का सौदा कर 87 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय अग्रवाल 50 वर्ष शैलेन्द्र नगर कोतवाली का रहने वाला है। प्रार्थी का एकात्म परिसर रजबंधा मैदान में ऑफिस है और तेंदुपत्ता का व्यवसाय करता है। बताया जाता है कि आरोपी अब्दुल करीम ने प्रार्थी से तेंदुपत्ता का सौदा 87 लाख रुपए में तय कर माल प्राप्त कर लिया और रकम का भुगतान नहीं किया। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत मौदहापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से मासूम की मौत

**रायपुर, 24 जनवरी।** बिलासपुर रोड नंदन वन मार्ग में ट्रक के चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी जरवाय निवासी प्रार्थिया भारती नेताम कल शाम अपनी 8 वर्षीय भतीजी तमन्ना नेताम के साथ पैदल घर जा रही थी, तभी नया बायपास बिलासपुर रोड नंदन वन मार्ग में ट्रक क्रमांक सीजी 25 एच 5111 अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और तमन्ना नेताम ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 24 जनवरी।** मैत्री विहार रावतपुरा कालोनी में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र कुमार साहू 39 वर्ष मैत्री विहार रावतपुरा कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएन 3020 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी।

### लाखों का माल लेकर ट्रक चालक फरार

**रायपुर, 24 जनवरी।** बजरंग पावर प्लांट टण्डवा नेवरा से 20 लाख का मॉल लेकर ट्रक चालक फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय कुमार शर्मा 34 वर्ष बीरगांव खमतराई का रहने वाला है। प्रार्थी ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि नेवरा स्थित बजरंग पावर प्लांट टण्डवा से 22 दिसंबर को ट्रक क्रमांक यूपी 70 सीटी 5503 से 23 टन जीआई पाइप लोड कर रवाना हुआ था। जिसकी कीमत करीब 20 लाख 71454 रुपए के आसपास है। ट्रक चालक आज तक माल को अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंचाया।

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर, 24 जनवरी।**टिकरापारा व उरला पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 60 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने श्रीराम चौक कमल विहार के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शेख आफताब 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 36 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### बाजार की मांग पूरी करेगा फायर स्टोन

**रायपुर, 24 जनवरी।** फ़ायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना - फ़ायरस्टोन रोडहॉक टू जेड पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का टायर हैचबैक, सेडान और सीयूवी बाजार की मांग को पूरा करेगा।

### डिजिटल नवाचारों का प्रदर्शन

**रायपुर 24 जनवरी।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम लगभग 60 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स के साथ नेशनल स्टार्टअप डे का उत्सव मना रही है। स्टार्टअप्स के सहयोग से कंपनी 90 विविध परियोजनाओं पर काम कर रही है। विनिर्माण की पारंपरिक धारणाओं से परे वेदांता एल्यूमिनियम इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसैसिंग, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर विज़न, रोबोटिक्स आदि का उपयोग कर रही है ताकि वह अपने सभी कार्यों में प्रचालन उत्कृष्टता और नवाचार में वृद्धि कर सके। नेशनल स्टार्टअप डे के उत्सव में कंपनी ने बहुमुखी ज्ञान आदान-प्रदान सत्र के लिए कई अग्रणी स्टार्टअप्स आमंत्रित किए ताकि उनकी सहभागिता के सफल परिणामों को दर्शाया जा सके तथा यह दिखाया जाए कि वेदांता एल्यूमिनियम के महत्वपूर्ण प्रचालनों में उभरती प्रौद्योगिकियों का क्या असर हुआ है।

# उड़ान रद्द होने से नाराज यात्रियों ने किया हंगामा

## कैंसिल हुई इंडिगो की दिल्ली, मुंबई और बैंगलुरु की फ्लाइट

**रायपुर 26 जनवरी।** एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब दिल्ली मुंबई और बैंगलूरु की फ्लाइट कैंसिल हो गई । जिसके बाद यात्रियोंन जमकर हंगामा मचाया गया। यात्रियो द्वारा बताया जा रहा है कि रायपुर से इंडिगो की 6श्व 5215 दिल्ली और 6श्व 0979 बैगलुरू समेत मुंबई की फ्लाइट इंडिगो पहले मौसम खराब होने के कारण देरी से चल रही है। बताया उसके बाद बिना किसी सूचना के तीनों फ्लाइट कैंसल कर दी गई, जिससे तीनों फ्लाइट के यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा मचाया।

यात्रियों के मुताबिक कई लोगों की दिल्ली बैंगलूरू से हांगकांग, दुबई समेत कई कनेक्टिंग फ्लाइट है जो इंडिगो की लापरवाही से छुट जायेगी। रायपुर एयरपोर्ट पर मौजूद इंडिगो कर्मचारियो द्वारा यात्रियों को कोई सही जवाब समेत कोई व्यवस्था नहीं कर रहा था। यात्रियों का कहना है कि पहले सिर्फ इंटरनेशनल फ्लाइट ज्वाइन करने वालो को ही होटल समेत कई अन्य सुविधाएं दे रहे थे लेकिन यात्रियों के जमकर हंगामा करने के बाद सभी को सुविधाए देने को तैयार हुए। इंडिगो की तीनों फ्लाइट कैंसल होने की वजह से ठंड में बडी संख्या में बुजुर्ग महिला समेत बच्चे काफी परेशान हुए।

इतना ही नहीं यात्रियों का आरोप है कि इंडिगो के अधिकारी होटल ले जाने के लिए जबरदस्ती एयरपोर्ट के अंदर से ठंड में बाहर ले आए, लेकिन कई घंटे तक टैक्सियां अरेंज नहीं कर पाए जिससे बच्चो,बुजुर्गो और महिलाओं के साथ आए लोगों की इंडिगो के अधिकारियों से जमकर बहस भी हुई। फिलहाल देर रात तक इंडिगो कर्मचारियो ने यात्रियो को होटल पहुंचाया और बुधवार शाम तक दूसरी फ्लाइट अरेंज करके उनके गंतव्य तक जाने की व्यवस्था करने की बात कही। इस मामले पर जब इंडिगो के मौजूद अधिकारियों से बात करने की कोशिश की तो कुछ भी बोलने को अधिकृत होने का हवाला देकर बात करने से इंकार कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ के छात्र भी ले सकते हैं पीजी कोर्सेस में प्रवेश

**रायपुर 24 जनवरी।** यहां के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अपने पूर्णकालिक दो वर्षीय पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एम.ए. एजुकेशन, एम.ए. डेवलपमेंट स्टडीज़, मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ और एम.ए. अर्थशास्त्र कोर्सेस शामिल हैं। यह कोर्सेस अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विद्यार्थियों में सामाजिक प्रतिबद्धता व विशेषज्ञता निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। इसके जरिए सार्थक करियर बनाने के मौके मिलें। वित्तीय सहायता के अंतरगत विश्वविद्यालय विविधतापूर्ण और समावेशी विद्यार्थी समूह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिन्हें आवश्यकता हो, उन्हें ट्यूशन-फ़ीस और छात्रावास ख़र्चों के लिए (आंशिक और पूर्ण) वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। इसमें भोपाल परिसर के पीजी कोर्सेस (2-वर्ष) हेतु एमए एजुकेशन और एमए पब्लिक हेल्थ तथा बेंगलुरु परिसर के लिए पीजी कोर्सेस (2-वर्ष) हेतु एमए - एजुकेशन, एमए - डेवलपमेंट स्टडीज़ और एमए - अर्थशास्त्र शामिल हैं ।



विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तारीख 9 फरवरी 2024, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 10 मार्च 2024, साक्षात्कार अप्रैल 2024, आवेदन प्रस्ताव मई 2024 एवं कक्षाओं की शुरुआत जुलाई 2024 तय है।

विद्यार्थियों को उनके ऐच्छिक और अपेक्षित करियर के अवसरों को उपलब्ध करवाने के लिए समर्पित करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सेल है।

## छात्र- छात्राओं ने मनाई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

**रायपुर 24 जनवरी।** छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन ने प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई । जयस्तंभ चौक से छात्र छात्राओं एवं स्काउट गाइड के बच्चों ने स्टेशन चौक स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा तक पैदल मार्च किया, जहां स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन ने सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वज वंदन किया । इस मौके पर हैदरबाद गोशमहल के विधायक टी राजा सिंह , छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष जसमीत (सोनू) शर्मा ,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, वरिष्ठ नेता किशोर आहूजा, हेमुकल्याणी वार्ड के पार्षद एवं जोन अध्यक्ष बंटी होरा ,स्वप्निल तिवारी,आशीष त्रिपाठी,सोमेश शर्मा,अजय देवांगन,लाला चौहान,जितेंद्र,वाटसन, सुनील बाजारी, गौतम शर्मा, वैभव शर्मा ने नेता जी को याद किया दी। सभी ने नेता जी को याद करते हुए कहा कि आज के समय में नेता जी बताएं मार्ग पर चलने और उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होने देश को आजादी दिलाने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की और देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

## अपनी ताकत पहचान कर कांग्रेस कार्यकर्ता दें भाजपा को करारा जवाब: बैज

**रायपुर 24 जनवरी।** जगदलपुर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि आज की राजनीति में ज्यादा सीधापन ठीक नहीं है। हमारी सीधाई का नाजायज फायदा भाजपा उठाती आ रही है। अब हमें भी भाजपा के खिलाफ टेढ़ापन दिखाना होगा और भाजपा के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तत्पर रहना होगा। दीपक बैज रायगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, विधायक लालजीत राठिया, विधायक विद्यावती सिदार, जिला अध्यक्ष द्वय रजनीश तिवारी, अनिल शुक्ला, अरूण मालाकार, राजू मिश्रा, साखा यादव, विनोद कपूर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।बैज ने कहा कि भाजपा के लोग झूठ, फरेब, बरगलाने और हवा हवाई बातें करने में माहिर हैं। लोकसभा में सत्तापक्ष की ओर से ऐसा ऐसा झूठ बोला



जाता है कि हमें शर्मिंदगी होती है। बैज ने कहा कि भाजपा की ईमारत झूठ की बुनियाद पर ही टिकी हुई है। हम कांग्रेसियों का ऐसा चरित्र नहीं है। हम सच्चाई की राजनीति में विश्वास करने वाले लोग हैं। बैज ने कहा कि भाजपा के लोग जनता के बीच अपनी बात रखने में माहिर हैं। वे बड़बोले भी हैं। मगर हमें बड़बोलेपन से दूर रहकर अपनी बात दमदारी के साथ जनता के सामने रखने की आदत डालनी चाहिए। आप सभी में प्रतिभा और क्षमता है। हमारे एक कार्यकर्ता के सामने भाजपा के दस कार्यकर्ता भी नहीं टिक सकते। इसलिए अपनी क्षमता और प्रतिभा को पहचानें और जनता के बीच जाकर भाजपा के झूठ, फरेब का पर्दाफाश करें। अगर पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में जनता के बीच जाकर भाजपा की असलियत लोगों को बताई होती तो प्रदेश में हमारी सरकार बननी तय थी। खैर जो हुआ सो हुआ, अब हम सभी को लोकसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसते हुए मैदान में उतर जाना चाहिए। दीपक बैज ने कहा कि आप सभी ठान लें, तो छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को जीतने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने अपने रायगढ़ प्रवास का कारण बताते हुए कहा कि एक कारण है लोकसभा चुनाव की तैयारी और दूसरा हमारे नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा। हम सभी को मिलकर इस यात्रा को छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक बनाना है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सारंगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया।इस दौरान सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगडे, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे सहित मोर्चा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। रायगढ़ और सारंगढ़ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी दी के कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा ओड़िशा से रायगढ़ के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। यात्रा पांच दिनों तक छत्तीसगढ़ के सात जिलों का भ्रमण करेगी। बैज ने यात्रा का भव्य स्वागत करने की अपील कार्यकर्ताओं से की। उन्होंने कहा कि असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को वहां की भाजपा सरकार ने रोकने के लिए तरह तरह के हठकंडे अपनाए। राहुल जी के काफिले पर हमले किए गए।

## भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने सर्दी में गणतंत्र दिवस की तैयारी में जुटे बच्चों से की मुलाकात

**रायपुर 24 जनवरी।** 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है. इस कड़ी में गृहमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारी में जुटे बच्चों से मुलाकात की. इसे भी पढ़ें ¬ खतरे में कुर्सी ¬ नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आज, कई कांग्रेसी पार्षद का मिल सकता है भाजपा को साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने इस दौरान लल्लूराम डॉट कॉम से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसी सर्दी के



मौसम में रिमझिम-रिमझिम बारिश हो रही है, लेकिन आज की तारीख में उत्साह के साथ उमंग के साथ बच्चे तैयारी कर रहे हैं. यह निश्चित रूप से देश का नाम रोशन करेंगे.गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आज बालिका दिवस है. इस अवसर पर ओम माथुर ने कहा कि बच्चों से भेंट करना है, इसलिए हम सब उनके साथ आए हैं. आज सबके साथ मिलना बहुत अच्छा हुआ. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आज गर्ल चाइल्ड डे है. इस अवसर पर इस तरह से बच्चों से मुलाकात करने का अवसर बना है. रिपब्लिक डे की तैयारी बहुत जोरों से चल रही है. बहुत सुखद है.वहीं वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के इन बच्चों में भगवान समाए हुए हैं. निश्चित रूप से आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का भविष्य तय करेंगे. और उनकी खुशी में हम लोग शामिल होने आए हैं. मैं इनको उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

### एक्सिस बैंक ने की क्यू 3 एफवाई 24 के परिणामों की घोषणा

**रायपुर 24 जनवरी।** एक्सिस बैंक ने अपने क्यू3एफवाई24 परिणामों की घोषणा की, जिसमें क्यू3एफवाई23 में 5,853 करोड़ रुपये की तुलना में 6,071 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। बैंक की शुद्ध ब्याज आय 9% सालाना और तिमाही आधार पर 2त्न बढ़कर क्यू3एफवाई24 में 12,532 करोड़ रुपये हो गई, जबकि क्यू3एफवाई23 में यह राशि 11,459 करोड़ थी। क्यू3एफवाई24 के लिए इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.01% था। क्यूएबी के आधार पर सीएएसए सालाना 13% और तिमाही आधार पर 1त्न बढ़ा, जबकि सीएएसए अनुपात 42त्न रहा।

### श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद के नाम पर लोगों से धोखा, कैट ने कार्रवाई का आग्रह किया

**रायपुर 24 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फ़ेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एक चौंकाने वाले वक्तव्य में कहा है कि अमेज़न इंडिया द्वारा अपने ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर 'श्रीराम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम में मिठाई प्रसाद बेचा जा रहा है जो विशुद्ध रूप से देश के लोगों के साथ एक बड़ी धोखाधड़ी है और लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी ने बताया कि कैट ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल को एक पत्र भेजकर इस धोखाधड़ी की तरफ़ उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह सर्वविदित है कि अयोध्या धाम के श्री राम मंदिर से अभी कोई प्रसाद वितरित नहीं हो रहा है लेकिन अमेजन के ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एक विक्रेता के नाम से ÷श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद÷ खुले आम बेचा जा रहा है। जिस प्रकार से विवरण लिखा गया है एक यह संदेश दे रहा है कि यह प्रसाद श्री राम मंदिर का ही है।

### इंडस्ट्री का पहला एन्युइटी प्लान

**रायपुर 24 जनवरी।** आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लाभ में बढ़त के साथ आईसीआईसीआई प्रु गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी लॉन्च किया है। यह इंडस्ट्री की पहली वार्षिकी योजना है, जो जरुरत पड़ने पर खरीद की तारीख से प्रीमियम का 100% रिफंड प्रदान करती है। यह एन्युइटी प्रोडक्ट ग्राहकों को आजीवन गारंटीकृत आय प्रदान करता है, जो उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय रूप से स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाता है। आईसीआईसीआई प्रु गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी 'जॉइंट लाइफ' एन्युइटी विकल्प प्रीमियम लाभ की छूट के साथ आता है जो प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान प्रथम धारक के निधन के मामले में उपयोगी है।

### बस्तर के कोने-कोने में राम कथा का आयोजन करके धर्मांतरण को रोकेंगे: शास्त्री

**रायपुर 24 जनवरी।** पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज पूज्यश्री बागेश्वर धाम सरकार ने विवेकानंद विद्यापीठ के सामने कोटा स्थित विशाल प्रांगण में निर्मित बागेश्वर धाम के कथा पण्डाल में प्रथम दिवस की श्रीराम चरित्र चर्चा का शुभारंभ 'वज्र देहदा दानव दलन जय-जय कपि सूर.' सीताराम-हनुमानज अब तो दया करो राम, सीताराम-हनुमानज्मेरा बेड़ा प्रभुजी पार करोज्वंदना से करते हुए कहा कि कल पता है क्या हुआ रामजी आ गए। आज आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती है। इसी छत्तीसगढ़ के प्रांगण में आज ही के दिन हमने पिछले वर्ष गुढ़ियारी वाले हनुमान मंदिर के प्रांगण में यह घोषणा की थी, तुम मेरा साथ दो-मैं तुम्हें हिन्दू राष्ट्र दूंगा। उस वक्त बहुत विरोध किया गया हमारा, तरह-तरह की यातनाएं दी गई, षड्यंत्र किए गए। लेकिन हम डिगे नहीं। साल



बदला छत्तीसगढ़ का हाल बदला, और जो हमारा विरोध कर रहे थे, उनकी ठठरी बंध गई। अब चिंता मत करो, हम छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में राम कथा करेंगे। अब हम बस्तर के कोने-कोने में रामकथा करके धर्मांतरण नहीं होने देंगे। उन्होंने आगे कहा- 23 जनवरी की यह तारीख हमें याद रहेगी, इसी 23 तारीख को छत्तीसगढ़ के मंच से हमने प्रण लिया था, कि अब हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे तब तक विरोधियों के मुंह पर तमाचा नहीं मार देंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा पर देश भर में डेढ़ लाख करोड़ का कारोबार हुआ

**रायपुर 24 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकॉनमी का एक नया अध्याय बहुत मज़बूती से जुड़ा है और जिसके तेज़ी से देश भर में विस्तार होने की बड़ी संभावनायें दिखाई दे रही है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज यहाँ कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार श्री राम मंदिर के कारण से देश में लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये का बड़ा कारोबार हुआ जिसमें प्रदेश में लगभग 3 हजार करोड़, दिल्ली में लगभग 25 हज़ार करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में लगभग 40 हज़ार करोड़ रुपये का सामान एवं सेवाओं के ज़रिये व्यापार हुआ।

## भारत की पहली चलित अखण्ड रामायण को देखने उमड़ी भीड़

**रायपुर 24 जनवरी।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर छत्तीसगढ़ की राजधानी में भारत की पहली चलित अखण्ड रामायण पाठ का भव्य आयोजन कुछ फर्ज हमारा भी संस्था द्वारा किया गया। वृंदावन की प्रसिद्ध संगीतमय रामायण मंडली द्वारा अखण्ड पाठ किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के भी 6 लोग हिस्सा लेंगे।

वहीं दिल्ली से बाहुबली श्री हनुमान, वानर सेना व राम, लक्ष्मण, सीता की मनमोहक प्रस्तुति का चलित लाइव शो किया जिसने सबका मन मोह लिया। 10-12 गाडियों में अलग-अलग श्रीराम से संबंधित झांकियां राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा दर्शाया गया ,जानकारी के अनुसार देश में पहली बार इस तरह का अनोखा आयोजन किया गया जिसका अनुभव लेने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्सुकता रही।

झाँकी को जिसके लिए रास्ते में पडने वाले चौक-चौराहों व प्रमुख सोसायटी जिनमें स्वर्ण भूमि, सृष्टि प्लाजो, चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी, मारूति लाइफ स्टाइल, सिटी ऑफ ड्रीम्स, हमिंग कोठरी, पार्कसाइड, स्वर्णभूमि, ऑरेंज



सोसाइटी, अशोका हाइट, अमर मैरिज पैलेस, जीवन बीमा मार्ग व्यावसायिक संघ, अग्रवाल मोवा मोहल्ला समिति, पंडरी कपड़ा मार्केट संघ, राठौर चौक हनुमान मंदिर, समता आर्केड सोसाइटी, कार एसेसरीज एसोसिएशन, अविनाश बिल्डर्स, कोटक महिंद्रा, अमानका व्यवसाई संघ, जीटी विल्स टीम, पार्थिव पैसिफिक, एमा भोजन समिति, सिंगापुर सिटी, मारुति लाइफ स्टाइल, व्यापारी संघ टाटीबंध, श्याम मित्र मंडल अशोका भारद्वाज वार्ड संघ द्वारा, अग्रवाल मोहल्ला टाटीबंध एवं धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर चलित अखण्ड रामायण का भव्य स्वागत किया गया।

21 जनवरी को सुबह 9 बजे श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड से प्रारंभ होकर तेलीबांधा, अवंती विहार, खम्हारडीह, विधानसभा, मोवा, पंडरी, पुराना बस स्टैण्ड, मरहीमाता मंदिर, फाफाडीह चौक, स्टेशन, तेलघानी नाका से होकर राठौर चौंक तक वहीं रात्रि पड़ाव के बाद 22 जनवरी को पुन¬ रामसागर पारा, अग्रसेन चौक, समता कालोनी, चौबे कालोनी, राजकुमार कॉलेज, मोहबा बाजार, टाटीबंध, कोटा रोड, सुयश हॉस्पिटल, भारत माता चौक, गुढियारी मारूति मंगलम के पास स्थित हनुमान मंदिर में रात्रि 10 बजे समापन हुआ। रायपुर में 60 किलोमीटर का सफर दो दिनों में 50 घंटो में पूरा हुआ। अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत से ज्ञात हुआ कि संस्था विगत 5 वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य व भोजन वितरण के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर लगभग 3 लाख 40 हजार लोगों तक राहत पहुंचाई जा चुकी है।

## कार्टून वॉच के प्राण प्रतिष्ठा अंक का संस्कृति मंत्री बृजमोहन ने किया विमोचन

**रायपुर 24 जनवरी।** जनता तक खबर कार्टून वॉच के प्राण प्रतिष्ठा अंक का विमोचन छत्तीसगढ़ के पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया. श्री अग्रवाल ने कार्टून वॉच के संपादक त्र्यम्बक शर्मा के इस रोचक प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से राम आयेंगे विषय पर आए इन कार्टूनों से पता चलता है कि राम के प्रति लोगों की कितनी आस्था है. इस विशेष अंक के अतिथि संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप पंडित ने इस मौक़े पर कहा मुझे इस अंक का अतिथि संपादक बन कर बहुत संतोष का अनुभव हो रहा है क्योंकि यह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आधारित है। इस अवसर पर कार्टून वॉच के संपादक त्र्यम्बक शर्मा ,मनोज शुक्ला, देवेन्द्र गुप्ता सहित , कमल नारायण शर्मा, मनीष अग्रवालसहित कार्टून वॉच के मेहूल कुमार, यश टिकनायत, अंजलि शर्मा, आरती शर्मा, अक्षत सिंह, अदिति शर्मा, गरिमा जोशी सहितअनेक गणमान्य उपस्थित थे।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26